माघ शुक्ल - 13 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 207 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » गुरुवार » 22-02-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने से मुझे निराशा हुई : शुभमन गिल

6 मोदी के तीसरे कार्यकाल की सुखद आहट

7 भगवान राम के भक्तों का अपमान करना बंद करें राहुल : रविशंकर प्रसाद






## फर्स्ट टेक

### सिंध नदी के प्रवाह को अवरुद्ध किया

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग इलाके में हिमस्खलन ने सिंध नदी के प्रवाह को अवरुद्ध कर दिया है जिससे इसका प्राकृतिक प्रवाह भी बदल गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर-लेह मार्ग पर सोनमर्ग के हंग क्षेत्र में हिमस्खलन होने से सिंध नदी में पानी का प्रवाह अवरुद्ध हो गया। उन्होंने बताया कि हिमस्खलन के मलबे के कारण प्राकृतिक प्रवाह के मार्ग में परिवर्तन हो गया और पानी पास की सड़क पर बह रहा है। अधिकारियों ने हिमस्खलन के मलबे को हटाने के लिए भारी साजो सामान को काम पर लगाया है ताकि नदी के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल किया जा सके।

### नाथुला में फंसे 500 से अधिक पर्यटकों को सेना ने बचाया

**गंगटोक/भाषा।** सेना ने सिक्किम में भारत-चीन सीमा पर नाथुला में भारी बर्फबारी के कारण फंसे 500 से अधिक पर्यटकों को बुधवार को बचा लिया। सेना ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार सेना की त्रिशक्ति कोर के जवानों ने पूर्वी सिक्किम में अचानक हुई बर्फबारी के कारण फंसे 500 से अधिक पर्यटकों को बचा लिया। इसमें कहा गया है कि त्रिशक्ति कोर के जवानों को बचाव के लिए वहां भेजा गया और उन्होंने फंसे हुए पर्यटकों को मदद प्रदान की।

### हड़ताल के कारण 'एफिल टावर' बंद

**पेरिस/एपी।** दुनिया के सबसे ज्यादा पर्यटकों को आकर्षित करने वाले स्थलों में शामिल पेरिस स्थित 'एफिल टावर' खराब वित्तीय प्रबंधन को लेकर हड़ताल के कारण बुधवार को लगातार तीसरे दिन पर्यटकों के लिए बंद रहा। इससे पहले भी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताली कर्मचारी 'एफिल टावर' को बंद कर चुके हैं। मध्य पेरिस में बेहद लोकप्रिय 330 मीटर (1,083 फुट) ऊंचे इस ऐतिहासिक स्थल पर फ्रांस की राजधानी में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक से पहले आगंतुकों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है।

# भारत और यूनान ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत और यूनान ने व्यापार, रक्षा उत्पादन जैसे क्षेत्रों के साथ ही आतंकवाद से निपटने के लिए अपने समग्र सहयोग को बढ़ाने एवं प्रवासन तथा गतिशीलता साझेदारी को मजबूत करने पर बुधवार को चर्चा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूनान के अपने समकक्ष किरियाकोस मित्सोटाकिस के साथ व्यापक वार्ता के दौरान समग्र रणनीतिक सहयोग के विस्तार पर प्रमुखता से चर्चा की। मित्सोटाकिस भारत की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। यह 15 वर्षों में यूनान के किसी राष्ट्राध्यक्ष की भारत की पहली यात्रा है।

मोदी ने मीडिया में जारी एक बयान में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और यूनान की चिंताएं और प्राथमिकताएं एक समान हैं। उन्होंने कहा, हमने आतंकवाद से निपटने में अपने सहयोग को और मजबूत बनाने के बारे में विस्तार से चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा तथा सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में भारत और यूनान के बीच बढ़ता सहयोग दोनों पक्षों के बीच गहरे आपसी विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा, हमने भारत और यूनान के बीच प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा की।

मोदी ने कहा कि भारत में रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में नए अवसर खुल रहे हैं, जो दोनों देशों के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। उन्होंने कहा, हम इस बात पर सहमत हैं कि सभी विवादों और तनावों का बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से समाधान किया जाना चाहिए।



## प्रख्यात न्यायविद् फली एस नरीमन का निधन

**नई दिल्ली/भाषा।** कानून विशेषज्ञ एवं दिग्गज अधिवक्ता फली एस नरीमन का बुधवार को 95 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। वह हृदय संबंधित परेशानियों सहित कई बीमारियों से जूझ रहे थे। नरीमन का जन्म 10 जनवरी 1929 को हुआ था। नवंबर 1950 में उन्होंने बंबई उच्च न्यायालय से वकालत शुरु की और 1961 में उन्हें वरिष्ठ वकील का दर्जा हासिल हुआ। नरीमन का जन्म रंगून (अब यांगून) में एक संपन्न कारोबारी परिवार में हुआ था। वर्ष 1942 में जापान की ओर से आक्रमण किए जाने के बाद उनका परिवार भारत आ गया। उस समय नरीमन 12 साल के थे। उन्होंने 70 वर्षों से अधिक समय तक वकालत की।

# स्वास्थ्य मॉडल में 'सर्व जन हिताय, सर्व जन सुखाय' की भावना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/एजेन्सी।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार ने एक स्वास्थ्य मॉडल बनाने के लिए विभिन्न नीतियों और योजनाओं पर काम किया है जो 'सर्व जन हिताय, सर्व जन सुखाय' की भावना को सार्थक करता है।

मांडविया ने यहां रीजनल कंसल्टेटिव वर्कशॉप ऑन रिसर्च प्रायोरिटी फॉर प्रोवाइडिंग एक्सेसिबल एंड अफर्डेबल हेल्थकेयर फॉर द नॉर्थ-ईस्टर्न स्टेट ऑफ इंडिया का उद्घाटन करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य स्वस्थ भारत और विकसित भारत बनाना है, जिसमें देश के प्रत्येक व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण, सस्ती और सुलभ दवाएं, उपचार और स्वास्थ्य सुविधाएं समान रूप से वितरित हो। उन्होंने कार्यशाला को ऑनलाइन संबोधित किया।

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार और मेघालय सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. माज़ेल अम्पारीन लिंगदोह भी उपस्थित रहे।

मांडविया ने कहा कि सरकार आवश्यक चिकित्सा की तर्ज पर आवश्यक स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी पर काम कर रही है। यह प्रयास आने वाले समय में सभी लोगों के लिए स्वास्थ्य तकनीकों को उपलब्ध, सुलभ, किफायती और न्यायसंगत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाएं सभी भौगोलिक क्षेत्रों में मिलनी चाहिए और इनकी उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# पंजाब-हरियाणा सीमा पर हिंसा एक किसान की मौत, 12 पुलिसकर्मी घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




चंडीगढ़/भाषा। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच झड़प में 21 वर्षीय एक किसान की मौत हो गई तथा लगभग 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए। किसान नेताओं ने कहा कि 13 फरवरी को 'दिल्ली चलो' मार्च के शुरू होने के बाद से हुई झड़पों में यह पहली मौत है। किसान नेता बलदेव सिंह सिरसा ने कहा कि मृतक की पहचान पंजाब के बठिंडा जिले के बलोके गांव निवासी शुभकरण सिंह (21) के रूप में हुई है।

पटियाला स्थित राजिंदर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एच.एस. रेखी ने संवाददाताओं को बताया कि तीन लोगों को खनौरी सीमा से अस्पताल लाया गया, जिनमें से एक मृत था। रेखी ने कहा कि मृतक के सिर पर चोट लगी थी लेकिन उसकी मौत का सही कारण पोस्टमॉर्टम के बाद ही पता चल सकेगा। उन्होंने कहा कि अन्य दो लोगों की हालत स्थिर है। पंजाब के किसान दिल्ली में प्रवेश करने के लिए शंभू और खनौरी सीमा पर अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए।

खनौरी में किसानों ने दावा किया कि आंसू गैस के गोले के अलावा हरियाणा पुलिस ने रबड़ की गोलियां भी चलाईं।

### 'दिल्ली चलो' मार्च दो दिन के लिए स्थगित

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब-हरियाणा सीमा पर दो प्रदर्शन स्थलों में से एक खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत और लगभग 12 पुलिसकर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने बुधवार को 'दिल्ली चलो' मार्च दो दिन के लिए स्थगित कर दिया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि वे शुक्रवार शाम को आगे की रणनीति तय करेंगे। गतिरोध को समाप्त करने के प्रयास में तीन केंद्रीय मंत्रियों के एक दल के साथ रविवार रात को चौथे दौर की वार्ता के बाद दो दिन की शांति के बाद खनौरी और शंभू में पंजाब के किसानों ने सुबह अपना आंदोलन फिर से शुरु कर दिया था।

# किसानों के साथ सभी मुद्दों पर बात करने को तैयार सरकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि केंद्र सरकार किसानों के साथ प्रत्येक मुद्दे पर बातचीत करने के लिए तैयार है।



मुंडा ने बुधवार को यहां कहा कि सरकार किसान संगठनों के साथ चौथे दौर की बातचीत के बाद पाँचवें दौर में सभी मुद्दे जैसे की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की माँग, फसल विविधीकरण, पराली का विषय और आंदोलनकारियों पर प्राथमिकी पर बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, मैं दौबारा किसान नेताओं को चर्चा के लिए आमंत्रित करता हूँ। हमें शांति बनाये रखना ज़रूरी है।''

मुंडा ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ बातचीत चल रही है और सरकार हर मुद्दे पर बात करने के लिए तैयार है।

किसान एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और कृषि मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफ करने, पुलिस में दर्ज मामलों को वापस लेने, लखीमपुरी खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### धनशोधन मामले में
## लारेंस बिश्नोई गिरोह का गैंगस्टर गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लारेंस बिश्नोई गिरोह और उसके सहयोगियों के खिलाफ धनशोधन की जांच के तहत सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को बुधवार को गिरफ्तार किया। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी। सूत्रों ने बताया कि चीकू को पंचकुला में धनशोधन रोकथाम अधिनियम की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसे पांच दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले वर्ष 5 दिसंबर को हरियाणा और राजस्थान में चीकू और कुछ अन्य व्यक्तियों से संबंधित 13 परिसरों पर छापा मारा था। चीकू एक गैंगस्टर के साथ ही बिश्नोई एवं खालिस्तानी आतंकवादी समूहों का करीबी सहयोगी भी है। ईडी ने आरोप लगाया कि चीकू ने अवैध खनन, शराब और टोल संचालन से प्राप्त आय का निवेश अपने सहयोगियों के

| | |
|---|---|
| 21-02-2024 सूर्यास्त 6:16 बजे | 22-02-2024 सूर्योदय 6:28 बजे |
| BSE 72,623.09 (-434.30) | NSE 22,055.05 (-141.90) |
| सोना 6,494 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 76,000 रु. प्रति किलो |



# पाकिस्तान में दो बड़े दल गठबंधन सरकार बनाने पर हुए सहमत

**इस्लामाबाद/वार्ता/स्पूतनिक।** पाकिस्तान के दो बड़े राजनीतिक दल, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग -नवाज (पीएमएल-एन) के बीच आम चुनाव के बाद आखिरकार गठबंधन सरकार पर सहमति बनी गयी है। मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान में गत आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में मतदाताओं ने पाकिस्तानी संसद के निचले सदन के लिए 266 उम्मीदवारों को चुना है। ये लोग नये प्रधानमंत्री का चुनाव करेंगे और प्रांतीय अंसेबली प्रांतीय प्रमुखों का चुनाव करेंगीं।

'जियो न्यूज' ने बताया कि पीएमएल-एन के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों दलों की समन्वयक समिति के मंगलवार को समझौते पर सहमत होने के बाद एक और कार्यकाल के लिए नामित होंगे। जबकि पीपीपी के पूर्व अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद के लिए नामित होंगे। सत्ता साझा करने के फॉर्मूले के अनुसार पीपीपी शहबाज शरीफ के मंत्रिमंडल का हिस्सा नहीं होगी लेकिन राष्ट्रपति कार्यालय सहित शीर्ष संवैधानिक पद प्राप्त कर सकती है।

पीपीपी को अन्य चीजों के अलावा विशेष रूप से, राष्ट्रपति पद, सीनेट का अध्यक्ष पद, बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री और नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष के पद मिलेंगे, जबकि पीएमएल-एन को प्रधान मंत्री कार्यालय, नेशनल असेंबली अध्यक्ष का पद और विधानसभा, सिंध और बलूचिस्तान प्रांतों के लिए राज्यपालों को नामित करने का अधिकार मिलेगा।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### दल प्रतिनिधि

तुम चाहे जनप्रतिनिधि हो पर,
हाइकमान से हो अनुशासित।
पार्टी यदि जो टिकट न देती,
जीत नहीं हो पाती भासित।
सिर्फ बंधुआ हो निज दल के,
मत भूलो हो कर उल्लासित।
करी प्रशंसा प्रतिपक्षी की,
तो हो जाओगे निष्कासित।।

# बंगाल में गुंडों, पुलिस और नेताओं का मजबूत गठजोड़ : विजयवर्गीय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जबलपुर/भाषा।** संदेशखालि में महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों के बीच वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल में गुंडों, पुलिस और नेताओं के बीच मजबूत 'गठजोड़' है।

पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24-परगना जिले के संदेशखालि में बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जबरदस्ती जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाए जाने से तनाव है।

विजयवर्गीय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बैठक के लिए जबलपुर पहुंचने के बाद संवाददाताओं से कहा, पश्चिम बंगाल में गुंडों, पुलिस और नेताओं के बीच एक मजबूत गठजोड़ है।



उन्होंने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की लेकिन स्पष्ट किया कि यह उनकी निजी राय है। विजयवर्गीय ने कहा कि जो लोग 'छोटी' घटनाओं के लिए दिल्ली में मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन करते हैं, उन्हें संदेशखालि का दौरा करना चाहिए और जांच करनी चाहिए कि क्या पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र मौजूद है।

पूर्व में भाजपा के पश्चिम बंगाल प्रभारी महासचिव के तौर पर काम कर चुके विजयवर्गीय ने कहा, संदेशखालि में स्थिति बहुत शर्मनाक है। भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री मोदी मातृ वंदना (महिलाओं की पूजा) के बारे में बात करते हैं। दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस शासित पश्चिम बंगाल में पार्टी कार्यालय में महिलाओं का यौन शोषण किया गया।

मध्य प्रदेश के शहरी प्रशासन और विकास मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि संदेशखालि में स्थानीय लोगों के अधिकारों का उल्लंघन किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, कल, कम्युनिस्ट पार्टी की नेता वृंदा करात महिलाओं से मिलने के लिए वहां (संदेशखालि) गईं। हमारे नेता भी महिलाओं से मिलने के लिए वहां गए थे।

## जदयू नेता महेश्वर हजारी ने दिया बिहार विधानसभा उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा

**पटना/भाषा।** सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जद यू) के नेता महेश्वर हजारी ने बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। विधानसभा सचिवालय द्वारा बुधवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार हजारी का इस्तीफा 21 फरवरी की दोपहर से प्रभावी हो गया। कल्याणपुर निर्वाचन क्षेत्र (आरक्षित) से दूसरी बार विधायक बने हजारी मार्च, 2021 से उपाध्यक्ष पद पर थे। हजारी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने ''स्वेच्छा से'' और मुख्यमंत्री एवं जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार के साथ उचित परामर्श के बाद इस्तीफा दिया है।



पूर्व मंत्री हजारी से जब मंत्रिमंडल में शामिल होने या लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का टिकट मिलने की अटकलों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इसका सीधा उत्तर देने के बजाए कहा, मैं पार्टी का प्रतिबद्ध सिपाही हूं। आलाकमान मेरे बारे में जो भी निर्णय लेगा, मैं उसका पालन करूंगा।

# जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के तरीकों पर शोध की जरूरत : गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के तरीकों पर शोध की जरूरत है, क्योंकि इससे पर्यावरण संबंधी कई समस्याओं को कम करने में मदद मिलेगी।



गडकरी ने कहा कि शोध कार्यों में सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए पर्यावरण अनुकूल जीवन बनाने की भी बहुत बड़ी संभावना है। गडकरी ने ऐजिस ग्राह्म बेल अवॉर्ड्स के 14वें संस्करण में संबोधित करते हुए कहा, हमें ऐसे अनुसंधान की जरूरत है जो हमारे आयात (ईंधन के) को कम करने के लिए है, जो सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े लोगों की मदद करने वाला है, और जहां हम पारिस्थितिकी और पर्यावरण की समस्याओं को कम करने के लिए कचरे का उपयोग कर सकते हैं।

# प्रधानमंत्री 26 को 550 अमृत भारत स्टेशनों की आधारशिला रखेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक समारोह के दौरान विभिन्न राज्यों में सड़कों पर लगभग 1,500 ओवरब्रिज और अंडरब्रिज की भी रखेंगे आधारशिला**

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 फरवरी को 40,000 करोड़ रुपए की लागत से 'रूफ प्लाजा' और सिटी सेंटर विकसित करके रेलवे स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार के लिए 550 अमृत भारत स्टेशनों की आधारशिला रखेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री एक समारोह के दौरान विभिन्न राज्यों में सड़कों पर लगभग 1,500 ओवरब्रिज और अंडरब्रिज की आधारशिला भी रखेंगे। समारोह में 2,000 से अधिक रेलवे स्टेशनों को डिजिटल माध्यम से शामिल होंगे। प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंस के जरिए समारोह में शामिल होंगे।

इस समारोह के दौरान लगभग 50,000 स्कूली छात्रों को भी पुरस्कार दिए जाएंगे। इन छात्रों ने भारतीय रेलवे द्वारा 4,000 स्कूलों में आयोजित '2047-विकसित भारत की रेलव' विषय पर भाषण, निबंध और कविता लेखन प्रतियोगिताओं में भाग लिया था। लगभग चार लाख छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया था और समारोह के दौरान मंडल रेल प्रबंधकों व वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों द्वारा 50,000 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेलवे के स्टेशनों को विकसित करने के लिए शुरू की गई थी। 'रूफ प्लाजा' की परिकल्पना स्टेशनों की छत या ऊपरी हिस्सों में फूड कोर्ट, छोटे बच्चों के खेलने के लिए छोटी-सी जगह और स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए एक स्थान के रूप में विकसित करने के रूप में की गई है। इसमें स्टेशनों तक पहुंच, प्रतीक्षालयों, शौचालयों, लिफ्ट या एस्केलेटरों में सुधार, स्वच्छता, मुफ्त वाईफाई, एक स्टेशन, एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली के माध्यम से स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणों में उनका कार्यान्वयन शामिल है।

## भारत को तीन दशक तक हर साल 9-10% की वृद्धि की जरूरतः अमिताभ कांत



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने बुधवार को कहा कि भारत वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा और 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए इसे तीव्र गति से बढ़ने की जरूरत है।

कांत ने ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन की तरफ से यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत को अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए अगले तीन दशक तक सालाना नौ-10 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। अब जापान, ब्रिटेन एवं जर्मनी सभी देशों के मंदी के दौर में चले जाने पर हमें इस काम को और अधिक तेजी से कर पाने में सक्षम होना चाहिए।

फिलहाल भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार मौजूदा मूल्य के आधार पर 31 मार्च, 2024 तक लगभग 3.6 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान है। नीति आयोग के पूर्व प्रमुख कांत ने कहा, भारत को तीव्र गति से बढ़ने और 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए महत्वाकांक्षी होना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत उस समय से काफी आगे बढ़ चुका है जब उसे बहीखाते की समस्याओं का सामना करना पड़ा था।

## केरल में 10 से अधिक लोकसभा सीट जीतेगी भाजपा : प्रमोद सावंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोट्टयम (केरल)/भाषा।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को विश्वास जताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगामी लोकसभा चुनाव में केरल से 10 से अधिक सीट हासिल करेगी। वर्तमान में केरल से लोकसभा में भाजपा का एक भी सदस्य नहीं है, जबकि 2019 के चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने राज्य की कुल 20 सीट में से 19 सीट जीती थीं और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) को सिर्फ एक सीट मिल पायी थी।

भाजपा नेता सावंत ने कहा कि केरल के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनकी विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए समर्थन देंगे, जो राज्य तक पहुंची हैं। उन्होंने केरल में केंद्र सरकार द्वारा किए गए बुनियादी ढांचा और मानव संसाधन विकास कार्य को भाजपा की जीत का दूसरा कारण बताया। गोवा के मुख्यमंत्री सावंत ने कहा, हम केरल से 10 से अधिक सीट जीतेंगे, क्योंकि भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल में कई काम किए हैं। केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं राज्य में पहुंच चुकी हैं।

वह यहां भाजपा की लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

## महाराष्ट्रः धार्मिक कार्यक्रम में प्रसाद खाने से 200 लोग बीमार

**बुलढाणा/भाषा।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में स्थित लोनार में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान प्रसाद खाने के बाद संदिग्ध खाद्य विषाक्तता के कारण लगभग 200 लोग बीमार हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बुलढाणा जिलाधिकारी किरण पाटिल ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह घटना लोनार तालुका के सोमथाना गांव में धार्मिक आयोजन 'हरिनाम सप्ताह' के दौरान मंगलवार रात को हुई। उन्होंने कहा, समारोह के दौरान प्रसाद खाने के बाद लगभग 200 ग्रामीणों ने जी मिचलाने और उल्टी की शिकायत की। उन्होने कहा, 142 मरीजों को बीबी के ग्रामीण अस्पताल में, 20 अन्य को लोनार में और 35 मरीजों को मेहकार के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। पाटिल ने कहा, सभी मरीजों की हालत स्थिर है और उनमें से ज्यादातर को बुधवार को छुट्टी दे दी गई है।



## भारत व्यापार, निवेश समझौतों पर खुले विचार से बातचीत करता हैः गोयल

**नई दिल्ली/भाषा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारत व्यापार तथा निवेश समझौतों पर निष्पक्षता और खुले विचार से बातचीत करता है। साथ ही लोगों के हितों को ध्यान में रखता है। उन्होंने कहा कि जो देश भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और निवेश समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, उन्हें यह ध्यान में रखना चाहिए कि भारत उन्हें मांग तथा व्यापार अवसरों के मामले में बड़ा बाजार प्रदान करता है। 'सीआईआई इंडिया-यूरोप कॉन्क्लेव' में उन्होंने कहा, मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि भारत निष्पक्षता के साथ, खुले विचार से बातचीत करता है... भारत अपने दीर्घकालिक व्यापक हित का भी ख्याल रखता है। उन्होंने कहा कि एफटीए या द्विपक्षीय निवेश संधियां (बीआईटी) या भौगोलिक संकेतों पर समझौतों को निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलन समझौतों की कसौटी पर खरा उतरना होगा क्योंकि आर्थिक वृद्धि का स्तर अलग-अलग होता है। गोयल ने कहा, हमें अन्य देशों की पेशकश की तुलना में भारत द्वारा पेश किए गए बहुत अलग अवसरों का सम्मान करना होगा।

## भारत और चीन 21वें दौर की सैन्य वार्ता में शांति-सद्भाव बनाए रखने पर सहमत हुए

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत और चीन ने इस सप्ताह की शुरुआत में नए दौर की उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास सीमावर्ती क्षेत्रों में ''शांति और सद्भाव'' को बनाए रखने पर सहमति जताई। इस मामले के जानकारों का कहना है कि संघर्ष वाले क्षेत्रों में समाधान के लिए साढ़े तीन साल से चल रही कवायद पर सोमवार को हुई वार्ता में कोई स्पष्ट प्रगति नहीं देखी गई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और चीन के बीच कोर कमांडर स्तर की 21वें दौर की बैठक 19 फरवरी को चुशुल-मोल्डो सीमा पर स्थित एक स्थल पर हुई। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, वर्ता के दौरान पूर्वी लद्दाख में एलएसी के पास के बाकी क्षेत्रों से सैनिकों की पूर्ण वापसी को सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सद्भाव की बहाली के लिए जरूरी बताया गया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई बातचीत में दोनों पक्षों ने इस मामले पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। बयान में कहा गया, दोनों पक्ष प्रासंगिक सैन्य और राजनयिक तंत्र के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए संवाद बनाए रखने पर सहमत हुए हैं।

## चंडीगढ़ महापौर चुनाव के परिणाम पलटने पर केजरीवाल ने भाजपा को घेरा



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली विधानसभा में बुधवार को मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उच्चतम न्यायालय द्वारा चंडीगढ़ महापौर चुनाव के नतीजे को पलटने के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा।

भगवद् गीता का हवाला देते हुए केजरीवाल ने कहा कि भगवान ने हस्तक्षेप करने का फैसला किया और भाजपा के प्रचलित ''अधर्म'' का सर्वनाश कर दिया। उन्होंने चंडीगढ़ महापौर चुनाव परिणाम के फैसले के लिए उच्चतम न्यायालय और भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को भी धन्यवाद दिया और कहा कि इसने देश के लोकतंत्र को बचा लिया। केजरीवाल ने अदालत के फैसले की सरहाना करते हुए कहा, ऐसा लग रहा था मानो सीजेआई के जरिये भगवान खुद बोल रहे हों। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में 30 जनवरी के चुनाव परिणाम को पलटते हुए पराजित आप-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ का नया महापौर घोषित कर दिया था। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए कुछ भी करेगी और उस पर खुलेआम विधायकों की खरीद-फरोख्त और सरकारें गिराने का भी आरोप लगाया।

## विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की कुछ पार्टियों के बीच मतभेद दूर किए जाएंगे : शरद पवार



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुणे/भाषा।** राज्यसभा सदस्य शरद पवार ने कहा कि कुछ राज्यों में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटकों दलों के बीच सीटों के बंटवारे सहित अन्य मुद्दों पर मतभेद हैं, जिन्हें अन्य राज्यों के वरिष्ठ नेता सुलझाने की कोशिश करेंगे।

कोल्हापुर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए वरिष्ठ नेता ने कहा कि हाल ही में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक नहीं बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में यह निर्णय लिया गया था कि विपक्षी गुट की सभी पार्टियां मिलकर काम करेंगी। पवार ने कहा कि विपक्षी गठबंधन में अधिकतर पार्टियां अपने राज्यों तक ही सीमित हैं, इसलिए यह निर्णय लिया गया कि ये सभी दल अपने-अपने राज्यों में अन्य सहयोगी दलों के साथ मिलकर बैठक करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के कुछ दलों के बीच मतभेद है।

शरद पवार ने कहा, उत्तर प्रदेश में पार्टियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर आम सहमति का अभाव है। वहीं, पश्चिम बंगाल में सीट बंटवारे के साथ-साथ कुछ और समस्याएं भी हैं, जिसका कारण यह है कि टीएमसी, माकपा और कांग्रेस जैसी कुछ पार्टियां एक-दूसरे की विरोधी हैं। राकांपा-शरदचंद्र पवार पार्टी के प्रमुख ने कहा कि ऐसे कुछ मुद्दे हैं जो अभी तक नहीं सुलझाए गए हैं।



## जम्मू कश्मीर में समावेशी और न्यायसंगत समाज विकसित करने के प्रयास जारी : उप राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जम्मू/भाषा।** जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कहा कि उनका प्रशासन एक समावेशी और न्यायसंगत समाज सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रहा है ताकि राष्ट्रीय विकास का लाभ सभी को मिल सके। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि उपराज्यपाल से पडारी जनजाति के 20 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सुबह यहां राजभवन में मुलाकात की।

इस दौरान सिन्हा ने कहा, हमारा प्रयास एक समावेशी और न्यायसंगत समाज निर्मित करने, हाशिये पर पड़े लोगों को सशक्त बनाने और यह सुनिश्चित करने का है वे राष्ट्रीय विकास के लाभों का आनंद उठा सकें। उपराज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के साथ समाज के हर वर्ग के समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व मंत्री सुनील शर्मा ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने पडारी जनजाति को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उपराज्यपाल के नेतृत्व वाले प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर में चार और समुदायों- गड्डा ब्राह्मण, कोली, पडारी जनजाति और पहाड़ी जातीय समूह को अनुसूचित जनजाति की सूची में जोड़ा है।




## ऐप से अनधिकृत कर्ज वितरण पर लगाम लगाएं वित्तीय नियामक : सीतारमण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) समेत वित्तीय क्षेत्र के नियामकों से ऑनलाइन ऐप के जरिये अनधिकृत कर्ज वितरण के प्रसार पर लगाम लगाने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने को कहा। सीतारमण ने यहां 'वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद' (एफएसडीसी) की 28वीं बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने वित्तीय नियामकों से घरेलू और वैश्विक व्यापक वित्तीय स्थिति को देखते हुए उभरते वित्तीय स्थिरता जोखिमों का पता लगाने के लिए निरंतर निगरानी बनाए रखने और सक्रिय रहने के लिए भी कहा।

बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, एफएसडीसी ने व्यापक वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों और उनसे निपटने के लिए भारत की तैयारियों के बारे में चर्चा की। बयान के मुताबिक, गांधीनगर के गिफ्ट सिटी स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) को दुनिया के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों में से एक बनाने और घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए विदेशी पूंजी एवं वित्तीय सेवाओं को सुविधाजनक बनाने की रणनीतिक भूमिका में इसे समर्थन देने के लिए चल रहे अंतर-नियामकीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई। एफएसडीसी ने एफएसडीसी के फैसलों और केंद्रीय बजट में की गई घोषणाओं को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। इन मुद्दों में केवाईसी का एकसमान मानदंड तय करना, वित्तीय क्षेत्र में केवाईसी रिकॉर्ड की अंतर-उपयोगिता और केवाईसी प्रक्रिया का सरलीकरण और डिजिटलीकरण शामिल है।

इसके अलावा सामाजिक स्टॉक एक्सचेंजों के जरिये सामाजिक उद्यमों के धन जुटाने की शुरुआत और ऑनलाइन ऐप के जरिये अनधिकृत ऋण देने के हानिकारक प्रभावों को रोकना एवं उनपर अंकुश के कदमों पर भी चर्चा की गई।

सरकार ने दिसंबर में संसद को सूचित किया था कि गूगल ने अप्रैल, 2021 और जुलाई, 2022 के बीच अपने प्ले स्टोर से धोखाधड़ी में लिप्त 2,500 से अधिक कर्ज वितरण ऐप को निलंबित किया है या हटा दिया है।

## नवी मुंबई की महिला से शेयरों की खरीद-बिक्री की आड़ में 1.92 करोड़ रुपए की ठगी, मामला दर्ज

**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई नगर में 40 वर्षीय महिला से ऑनलाइन शेयरों की खरीद-बिक्री में 1.92 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। न्यू पनवेल की रहने वाली महिला को आरोपियों ने भारी मुनाफा दिलाने का वादा करके उसे ऑनलाइन शेयरों की खरीद-बिक्री में निवेश करने के लिए लुभाया।

साइबर थाने के वरिष्ठ निरीक्षक गजानन कदम ने कहा कि वर्ष 2023 से आरोपियों के निर्देशानुसार महिला ने कई अलग-अलग बैंक खातों में कुल 1,92,82,837 रुपए की राशि हस्तांतरित की, लेकिन बाद में वह किसी भी राशि को वापस नहीं पा सकी। जब महिला को आरोपियों से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो उसने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मंगलवार को नौ लोगों के खिलाफ भादंसं की धारा 420 (धोखाधड़ी), 406 (आपराधिक विश्वासघात) और 34 (सामान्य आशय) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया।

## कुनबी मराठों पर मसौदा अधिसूचना लागू करें या 24 फरवरी से विरोध-प्रदर्शन का सामना करे : जरांगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जालना (महाराष्ट्र)/भाषा।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार को कुनबी मराठों के 'रक्त संबंधियों' पर मसौदा अधिसूचना को दो दिनों के भीतर लागू करना चाहिए, अन्यथा इस समुदाय के सदस्य फरवरी से राज्य भर में अहिंसक तरीके से सड़क नाकेबंदी करेंगे। जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव में मराठा समुदाय के सदस्यों की एक बैठक में जरांगे ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन और विरोध के दौरान हिंसा का सहारा नहीं लेने की बात कही।

इससे पहले दिन में जरांगे ने संवाददाताओं से कहा कि मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला विधेयक कानूनी समीक्षा में टिक नहीं पाएगा। जरांगे ने अपनी मांग दोहराई कि कुनबी मराठों के 'रक्त संबंधियों' पर महाराष्ट्र सरकार की मसौदा अधिसूचना को एक कानून में तब्दील किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मामले को गंभीरता से लेने और आरक्षण मुद्दे का समाधान होने तक (आगामी लोकसभा) चुनाव न कराने की भी अपील की। महाराष्ट्र विधानमंडल ने मंगलवार को एक-दिवसीय विशेष सत्र के दौरान सर्वसम्मति से एक अलग श्रीणी के तहत शिक्षा और सरकारी नौकरियों में मराठों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला एक विधेयक पारित किया, लेकिन जरांगे ओबीसी के तहत इस समुदाय के लिए आरक्षण की अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। विधेयक में कहा गया है कि बड़ी संख्या में जातियों और समूहों को पहले से ही आरक्षित श्रीणी में रखा गया है, जिनका कुल आरक्षण प्रतिशत 52 है, ऐसे में मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रीणी में रखना पूरी तरह से न्यायविरुद्ध होगा।

# आचार्य विद्यासागर ने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जैन संत आचार्य श्री 108 विद्यासागर को बुधवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक प्रेरणा से भरा रहा तथा उसका हर अध्याय अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित रहा।

जैन संत को श्रद्धांजलि के रूप में लिखे गए एक लेख में, मोदी ने कहा कि संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने उनका और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें कई अवसरों पर संत का आशीर्वाद हासिल करने का सम्मान प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आचार्य का गहरा विश्वास था कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण उसके नागरिकों के कर्तव्य भाव के साथ ही अपने परिवार, अपने समाज और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की नींव पर होता है। मोदी ने कहा, उन्होंने लोगों को सदैव ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। ये गुण एक न्यायपूर्ण, करुणामयी और समृद्ध समाज के लिए आवश्यक हैं। आज जब हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं तो कर्तव्यों की भावना और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा, जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिनके निकट जाते ही मन-मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद,



हमारी बहुत बड़ी पूंजी होता है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। मोदी ने कहा कि आचार्य विद्यासागर जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में आध्यात्म किसी अमर और अजस्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है। उन्होंने पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनसे हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा कि तब उन्हें जरा भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि यह उनकी आखिरी मुलाकात होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, उन्होंने पितातुल्य भाव से मेरा ख्याल रखा और देश सेवा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद भी दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी। उन्होंने कहा, उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि भारत की पावन धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है, जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ-साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है और इसी महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का प्रमुख स्थान है। मोदी ने कहा, उन्होंने वर्तमान के साथ ही भविष्य के लिए भी एक नई राह दिखाई है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आचार्य विद्यासागर का दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है और उन्होंने लोगों को सशक्त बनाने और जीवन के लक्ष्यों को पाने के लिए ज्ञान को सर्वोपरि बताया। उन्होंने कहा, आचार्य विद्यासागर महाराज की इच्छा थी कि हमारे युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले, जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित हो। वह अक्सर कहा करते थे कि चूंकि हम अपने अतीत के ज्ञान से दूर हो गए हैं, इसलिए वर्तमान में हम अनेक बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं।

## भारत ने पश्चिमी देशों को 6.65 अरब डॉलर का निर्यात रूसी कच्चे तेल के सहारे किया : रिपोर्ट

**नई दिल्ली/भाषा।** यूरोप के एक शोध संस्थान ने दावा किया है कि भारत ने पिछले 13 महीनों में जी-सात के नेतृत्व वाले गठबंधन देशों को जो पेट्रोलियम निर्यात किया है उसमें एक-तिहाई हिस्सा रूस से आयातित कच्चे तेल के शोधन का रहा है।

यूक्रेन पर रूस के हमले के विरोध में अमेरिका की अगुवाई में पश्चिमी देशों ने रूस से कच्चे तेल के आयात पर कई तरह की बंदिशें लगा दी थीं। दिसंबर, 2022 में इन देशों ने रूसी कच्चे तेल के आयात का कीमत दायरा भी तय कर दिया था। लेकिन रूस से अन्य देशों में आयात किए गए कच्चे तेल को शोधित कर पश्चिमी देशों को निर्यात किए जाने पर किसी तरह की रोक नहीं लगाई गई थी। भारत ने बीते दो वर्षों में रूस से बड़े पैमाने पर कच्चे तेल का आयात किया है। किफायती दरों पर रूसी कच्चा तेल मिलने से भारत को अपना आयात बिल भी कम करने में मदद मिली है।

# रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक और पीएचओडी के साथ की समीक्षा बैठक



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ जयावर्मा सिन्हा ने बुधवार को दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक और पीएचओडी के साथ एक समीक्षा बैठक की जिसमें जोन में प्रमुख बुनियादी ढांचे और स्टेशन पुनर्विकास परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा की। बैठक में दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक आरएन सिंह, अतिरिक्त महाप्रबंधक कौशल किशोर, दक्षिण रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों, बी. विश्वनाथ एरिया, मंडल रेल प्रबंधक, चेन्नई ने भाग लिया। सेलम, मदुरै, तिरुचिरापल्ली, पलक्कड़ और तिरुवनंतपुरम के मंडल रेल प्रबंधक वस्तुतः समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

बैठक के दौरान अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने माल लदान, परिचालन दक्षता, सुरक्षा, कमाई और बुनियादी ढांचे में सुधार जैसे महत्वपूर्ण प्रदर्शन संकेतकों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने विशेष रूप से गति वृद्धि, ट्रैक उन्नयन और अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन पुनर्विकास परियोजनाओं की प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया। सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सिन्हा ने कामकाज के सभी पहलुओं में ज़ोन के लगातार प्रदर्शन की प्रशंसा की।

**नये सिग्नलिंग सिस्टम का किया उद्घाटन :** रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने स्वचालित ई-टीएसआर सिस्टम (इलेक्ट्रॉनिक ट्रेन सिग्नल रजिस्टर (ई-टीएसआर) सभी गुजरने वाली ट्रेनों का रिकॉर्ड है) और ब्लॉक ऑथराइजेशन ऐप का भी उद्घाटन किया, जो सुरक्षित और कुशल तरीके को सुनिश्चित करने के लिए गियर के ऑनलाइन डिस्कनेक्शन और रीकनेक्शन को सक्षम करेगा और ब्लॉक के दौरान काम करता है। उन्होंने फील्ड रिले को विधिवत हटाकर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से प्वाइंट मशीन चलाने के पायलट प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। ये तीनों नवाचार दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक के दिमाग की उपज हैं और इन्हें उनके मार्गदर्शन में दक्षिण के सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित किया गया था।

दक्षिण रेलवे के मुख्य सिग्नल इंजीनियर द्वारा कांचीपुरम और अक्करैपट्टी स्टेशनों और एस एंड टी प्रशिक्षण केंद्र, पोदनूर से संक्षिप्त प्रस्तुति और लाइव डेमो दिखाया गया।

**चेन्नई सेंट्रल में एक्जीक्यूटिव लाउंज का किया निरीक्षण :** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ ने डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल का भी दौरा किया और स्टेशन पर हाल ही में उद्घाटन किए गए एसी एक्जीक्यूटिव लाउंज का निरीक्षण किया। उन्होंने कॉनकोर्स क्षेत्र में यात्रियों से भी बातचीत की और उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त की।

**अध्यक्ष ने आईसीएफ का भी दौरा किया :** रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं सीईओ जयावर्मा सिन्हा ने बुधवार को इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) का दौरा किया तथा आईसीएफ के महाप्रबंधक यू. सुब्बाराव व अन्य विभागाध्यक्षों और कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। उन्होंने आईसीएफ के फर्निशिंग डिवीजन में निर्माणाधीन वंदे मेट्रो कोचों और वंदे भारत एक्सप्रेस के कोचों का भी निरीक्षण किया।





# तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने महिलाओं के लिए 'राज्य नीति-2024' का अनावरण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बुधवार को महिलाओं के लिए 'राज्य नीति-2024' का अनावरण किया, जिसका उद्देश्य रोजगार और राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करके उनके कल्याण को बढ़ावा देना है। यह नीति महिलाओं की स्थिति में सुधार करके और उनकी छिपी प्रतिभाओं को सामने लाकर समाज, अर्थव्यवस्था और राजनीति में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देने की परिकल्पना करती है।

इसके अलावा, यह नीति महिलाओं के लिए आत्म-सम्मान के साथ जीने के वास्ते एक सुरक्षित, स्वस्थ और आदर्श वातावरण तैयार करने पर जोर देती है। राज्य के समाज कल्याण एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा तैयार इस नीति का अनावरण स्टालिन ने यहां सचिवालय में किया। इस अवसर पर समाज कल्याण एवं महिला अधिकारिता मंत्री पी. गीता जीवन, मुख्य सचिव शिवदास मीणा, समाज कल्याण एवं महिला अधिकारिता विभाग की सचिव जयश्री मुरलीधरन और समाज कल्याण आयुक्त वी. अमुदावल्ली उपस्थित थे।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, ''लैंगिक भेदभाव को खत्म करने, एक सुरक्षित वातावरण बनाने और महिलाओं की स्थिति में सुधार करने के लिए तमिलनाडु सरकार ने विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों की योजना बनाई है और (इस संबंध में) तमिलनाडु को एक प्रमुख राज्य बनाने के लिए उन्हें व्यवस्थित रूप से लागू कर रही है।'' विज्ञप्ति में कहा गया कि सामाजिक न्याय, समानता और महिलाओं के सशक्तीकरण के मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण की तर्ज पर बनाई गई यह नीति 10 वर्षों तक या अगली नई नीति बनने तक लागू रहेगी। साथ ही पांच साल बाद इसकी समीक्षा का भी प्रावधान किया गया है।



चेन्नई में विधानसभा अध्यक्ष से प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए वनाति श्रीनिवासन (बाएं ) एवं भाजपा के मुख्यालय में पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष के. अन्नामलाई से बधाई स्वीकारती हुई वनाति श्रीनिवासन (दाएं)

# विधायक वनाति श्रीनिवासन के कार्यालय को मिला आईएसओ 9001:2015 प्रमाण पत्र

## आईएसओ प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाला तमिलनाडु का पहला विधायक कार्यालय बना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोयंबतूर।** कोयम्बटूर दक्षिण की भारतीय जनता पार्टी की विधायक वनाति श्रीनिवासन के कार्यालय को तमिलनाडु प्रदेश का सबसे पहला आईएसओ सर्टिफेक्शन प्राप्त हुआ है।

विधायक वनाति अपने कार्यालय के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) 9001:2015 प्राप्त करने वाली पहली विधायक है। यह मानक उनके कार्यालय को प्रमाणीकरण विधायी कर्तव्यों, निर्वाचन क्षेत्र प्रतिनिधित्व, नीति प्रभाव सामुदायिक सहभागिता, विकास पहल, निरीक्षण और धन आवंटन की सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने के लिए दिया गया है।

वनाति ने मंगलवार को चेन्नई स्थित सचिवालय में विधानसभा अध्यक्ष एम अप्पावु और उपाध्यक्ष के पिटचंडी द्वारा जारी यह प्रमाणपत्र दिखाया। वनाति ने बताया कि वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2011 में यह प्रमाणन प्राप्त करने वाले भारत के पहले व्यक्ति बने थे, जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। वनाति ने इस उपलब्धि पर तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष अन्नामलई से मुलाकात की।

वनाति ने कहा कि कोयंबटूर दक्षिण के घटकों के लिए कार्यालय के साथ पूरी दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## तमिलनाडु अमोनिया गैस रिसाव मामला

# उर्वरक कंपनी 5.92 करोड़ रुपये का मुआवजा देने पर सहमत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री शिव वी मेय्यानाथन ने बुधवार को कहा कि उर्वरक निर्माता कंपनी कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड (सीआईएल) अमोनिया गैस के रिसाव की घटना के कारण पर्यावरण को हुए नुकसान की भरपाई के लिए 5.92 करोड़ रुपये का मुआवजा देने पर सहमत हुई है। दिसंबर 2023 में चेन्नई की एन्नोर क्रीक में कंपनी की पाइपलाइन से अमोनिया गैस का रिसाव हुआ था।


मेय्यानाथन ने विधानसभा में कहा कि सरकार कंपनी की फैक्टरी के खिलाफ अगली कार्रवाई पर भी विचार करेगी। लेकिन, यह तकनीकी समिति द्वारा अनुशंसित सभी सुरक्षा तंत्रों को लागू करने और तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (टीएनपीसीबी) द्वारा उसका अनुसमर्थन किए जाने के बाद किया जाएगा। मंत्री ने गैस रिसाव के मुद्दे पर कई दलों द्वारा लाए गए एक विशेष ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब देते हुए यह बात कही, जिसमें कंपनी की फैक्टरी को स्थायी रूप से बंद करने की मांग की गई थी।


उन्होंने विधानसभा को सूचित किया कि सात सदस्यीय तकनीकी समिति द्वारा एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद टीएनपीसीबी ने सीआईएल को नोटिस देकर पर्यावरण को हुए नुकसान के लिए 5,92,50,888 रुपये का मुआवजा मांगा।

मंत्री ने कहा, ''पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा पांच के तहत दो फरवरी को नोटिस दिया गया था। फर्म राशि का भुगतान करने के लिए सहमत हुई है।'' गौरतलब है कि 26 दिसंबर, 2023 को रात 11.45 बजे फैक्टरी की ढाई किलोमीटर लंबी उप-समुद्र पाइपलाइन से पत्थरों के क्षतिग्रस्त होने के बाद अमोनिया गैस का रिसाव हुआ था। इस घटना के बाद 50 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# आईआईटी-मद्रास को 2023 में मिले रिकॉर्ड 300 पेटेंट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com






**चेन्नई/नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-मद्रास को 2023 में दिये गये पेटेंट की संख्या इससे पिछले साल के मुकाबले दोगुनी होकर 300 की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय पेटेंट के लिए आवेदन की संख्या भी बढ़कर 2023 में 105 हो गई, जो 2022 में 58 थी। इसमें पेटेंट सहयोग संधि (पीसीटी) के तहत मंजूर पेटेंट भी शामिल हैं।

अधिकारियों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में दिसंबर तक 226 पेटेंट को लेकर आवेदन पहले ही जमा किये जा चुके हैं। इनमें 163 भारतीय पेटेंट और 63 अंतरराष्ट्रीय पेटेंट आवेदन (पीसीटी सहित) शामिल हैं।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-मद्रास की स्थापना के बाद से, अबतक बौद्धिक संपदा के लिए 2,550 आवेदन दिये गये। कुल पेटेंट में भारत में 1,800 और विदेश में 750 पेटेंट के लिए आवेदन दिये गये। इनमें से लगभग 1,100 पेटेंट प्राप्त हैं। इसमें लगभग 900 भारतीय और 200 अंतर्राष्ट्रीय हैं। आईआईटी-मद्रास के निदेशक वी कामकोटि ने कहा, यह आईआईटी-मद्रास के लिए गर्व की बात है कि उसने जनवरी 1975 से ही पेटेंट आवेदन दाखिल करना शुरू कर दिया था। उसे मई, 1977 में पेटेंट दिया गया। उन्होंने कहा, ''दायर किये गये आईपी (बौद्धिक संपदा) आवेदनों की कुल संख्या 2016 में 1,000 थी, जो 2022 में 2,000 और 2023 में 2,500 को पार कर गई।''

कामकोटि ने कहा, जैसे-जैसे हम अपनी आजादी की 100वीं वर्षगांठ की ओर बढ़ रहे हैं, भारत को महाशक्ति बनने के लिए अपने विचारों की रक्षा करना बहुत महत्वपूर्ण है। कामकोटि ने कहा कि आईआईटी-मद्रास के शोधकर्ता वायरलेस नेटवर्क, अत्याधुनिक उत्पाद, रोबोटिक्स, इंजन, सहायक उपकरण, अत्याधुनिक सेंसर अनुप्रयोग, स्वच्छ ऊर्जा समेत उभरी प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पेटेंट प्राप्त कर रहे हैं।



# मदर मीरा अल्फासा की 146वीं जयंती पर अरबिन्दो आश्रम में दी गई श्रद्धांजलि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुडुचेरी।** मदर मीरा अल्फासा की 146वीं जयंती पर पुडुचेरी और पड़ोसी राज्यों के विभिन्न हिस्सों से लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए यहां अरबिन्दो आश्रम के परिसर में एकत्रित हुए।

मदर मीरा अल्फासा अरबिन्दो की आध्यात्मिक सहयोगी थीं जिन्होंने 1926 में आश्रम की स्थापना की थी।

पुडुचेरी और पड़ोसी राज्यों के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने अरबिन्दो और मदर के स्मारकों के सामने बैठकर ध्यान लगाया। वह मदर के कक्ष में भी गए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। आश्रम में भक्तों के लिए बारी-बारी से बैठने और वहां आने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।

अरबिन्दो आश्रम आध्यात्म की दृष्टि से देश भर के लोगों के लिए महत्वपूर्ण केंद्रों में से एक है जहां लोग आध्यात्मिक गुरुओं से मिलने और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आते हैं।

# मैं 'इंडि एलायेन्स' में शामिल नहीं, देश के बारे में 'निस्वार्थ' सोचने वाले गठबंधन का समर्थन करूंगा : कमल हासन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** अभिनेता से नेता बने कमल हासन ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) अभी विपक्षी गठबंधन इंडिया' में शामिल नहीं हुई है और वह देश के बारे में ''निस्वार्थ'' भाव से सोचने वाले किसी भी गठबंधन का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के राजनीतिक गठबंधन के लिए बातचीत की जा रही है, लेकिन उनकी पार्टी ''सामंती राजनीति'' का हिस्सा बनने से बचेगी।

अपनी पार्टी की सातवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के बाद यहां पत्रकारों से बातचीत में हासन ने मशहूर तमिल अभिनेता विजय के हाल में राजनीति में आने का भी स्वागत किया। यह पूछने पर कि क्या एमएनएम विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडि' (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) में शामिल होगी, इस पर



हासन ने कहा, ''मैंने पहले ही कहा है कि यह वक्त दलगत राजनीति से ऊपर उठने और देश के बारे में सोचने का है। जो भी देश के बारे में निस्वार्थ भाव से सोचता है, मेरी एमएनएम उसका हिस्सा बनेगी।'' लेकिन उन्होंने कहा कि एमएनएम स्थानीय ''सामंती राजनीति'' करने वाले दलों के साथ हाथ नहीं मिलाएगी। यह पूछने पर कि क्या वह 'इंडिया' गठबंधन में शामिल हो गए हैं, इस पर हासन ने कहा, ''नहीं, मैं शामिल नहीं हुआ हूं।'' अपने पार्टी के संभावित राजनीतिक गठबंधन पर उन्होंने कहा, ''बातचीत की जा रही है'' और इस संबंध में कोई भी ''अच्छी खबर'' मीडिया को दी जाएगी। ऐसी अटकलें हैं कि हासन की पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के साथ गठबंधन को लेकर बातचीत की है। एमएनएम ने 2019 का लोकसभा चुनाव और 2021 का तमिलनाडु विस चुनाव लड़ा था, लेकिन वह कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पायी थी।



# तमिलनाडु के राज्यपाल रवि, मुख्यमंत्री स्टालिन ने नरीमन के निधन पर दुख व्यक्त किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने प्रख्यात न्यायविद् फली एस. नरीमन के निधन पर बुधवार को शोक व्यक्त किया। नरीमन का बुधवार को नई दिल्ली में निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। रवि ने कहा कि नरीमन के निधन से उन्हें गहरा दुख हुआ है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर राजभवन के आधिकारिक हैंडल पर राज्यपाल रवि के हवाले से कहा गया, एक महान विधिक हस्ती, प्रसिद्ध संविधान विशेषज्ञ एवं न्यायविद् का जाना देश के लिए बहुत बड़ी क्षति है। उनके शोक संतप्त परिवार और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति।''

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने भी नरीमन के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''प्रख्यात न्यायविद् एवं भारत के पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल फली एस. नरीमन के निधन के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ।''

उन्होंने कहा, ''बार में उनके सात दशकों का अनुभव, उनमें से पांच दशकों से अधिक का उच्चतम न्यायालय का अनुभव ऐतिहासिक और उल्लेखनीय है। उन्होंने कई ऐतिहासिक निर्णयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। न्यायशास्त्र में उनके योगदान को आने वाली पीढ़ियां याद करेंगी। उनके परिवार, मित्रों और बार के सहकर्मियों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।''

# 'क्या देश की आजादी के लिए लड़ने वाले, शहीद होने वाले, जेल जाने वाले राष्ट्रवादी नहीं हैं?'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सच्चे राष्ट्रवादी वे कांग्रेसी हैं जिन्होंने देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी और शहीद हो गए और जेल गए। क्या जनसंघ और भाजपा परिवार, जिन्होंने कभी स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा नहीं लिया, राष्ट्रवादी हैं? मुख्यमंत्री ने सवाल किया।



राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस का जवाब देते हुए उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रवादी संघर्ष और आंदोलन के इतिहास को विस्तार से बताया। देश की आजादी के लिए जो लोग जेल गए, शहीद हुए, अंग्रेजों की यातनाएं झेलीं, वे कांग्रेसी थे। भाजपा के लिए स्वतंत्रता संग्राम का कोई इतिहास नहीं है. उनका देश के लिए लड़ने का कोई इतिहास नहीं है। हमारे संघर्ष से देश को आजादी मिलने के बाद अब वे राष्ट्रवादी होने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, लेकिन भारत के इतिहास में दर्ज है कि असली राष्ट्रवादी कौन हैं।

जब मुख्यमंत्री परिषद में देश के स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र निर्माण में कांग्रेस के रिकॉर्ड और उपलब्धियों का विवरण दे रहे थे, तो जेडीएस सदस्य बोजे गौड़ा ने हस्तक्षेप किया और कुछ कहने की पेशकश की।

मुख्यमंत्री ने अपने चिरपरिचित मजाकिया अंदाज में कहा, बोजे गौड़ा, अगर आप धर्मनिरपेक्ष हैं तो यहां आ जाएं। अगर आप सांप्रदायिक हैं तो वहीं रहें। बोजे गौड़ा ने मुख्यमंत्री की बात सम्मानपूर्वक स्वीकार कर ली और हाथ जोड़कर बैठ गए।

मुख्यमंत्री ने प्रमुख समाचार पत्रों के संपादकीय और रिपोर्टों का उल्लेख किया जिसमें राज्यपाल की सराहना की गई और राज्यपाल के भाषण का विश्लेषण किया गया। इस तरह मुख्यमंत्री ने बीजेपी-जेडीएस सदस्यों की बातों को आईना दिखाया, जिन्होंने राज्यपाल के भाषण को झूठ बताया था।

परिषद में हाल में जीते पुट्टन्ना ने सदस्य के रूप में शपथ ली। पुट्टन्ना के पांचवीं बार परिषद बनने की चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने होर्राट्टी की सराहना करते हुए कहा कि सर, आप आठ बार जीत चुके हैं। आपके रिकॉर्ड की बराबरी आज कोई नहीं कर सका।

## धार्मिक आयोजन के दौरान हाथ में पटाखा फटने से एक व्यक्ति घायल

**सुलिया।** दक्षिण कन्नड़ जिले के सुलिया में बुधवार को एक मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति हाथ में फटाखा फटने से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना एक स्थानीय मंदिर में बुधवार को भजना कार्यक्रम के दौरान घटी। इस धार्मिक आयोजन के दौरान चन्द्रशेखर नामक व्यक्ति पटाखा जला रहा था तभी उसके हाथ में ही पटाखे में धमाका हो गया। उन्होंने बताया कि चन्द्रशेखर का इलाज एक स्थानीय अस्पताल में किया गया और फिर मंगलूरु के एक अस्पताल में उसे स्थानांतरित किया गया जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस जांच कर रही है।

# युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, पुलिस ने किया तितर-बितर



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी युवा मित्र योजना को फिर से बहाल करने की मांग को लेकर बुधवार को यहां प्रदर्शन किया, वहीं पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिये हल्के बल का प्रयोग किया और पानी की बौछार की। राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आने के बाद राजीव गांधी युवा मित्र योजना बंद कर दी गई है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता इस योजना के तहत संविदा पर नियुक्त युवाओं को फिर से रोजगार देने की मांग कर रहे थे।

प्रदर्शनकारियों ने यह भी मांग की कि केंद्र को उनकी मांगों को पूरा करने के लिए प्रदर्शन कर रहे किसानों से बातचीत करनी चाहिए। शहीद स्मारक पर सभा करने के बाद युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए बढ़े लेकिन पुलिस आयुक्तालय के पास उन्हें रोक दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने जब पुलिस की चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया, तो पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और पानी की बौछार की।

प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास भी शामिल हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्रीनिवास ने आरोप लगाया, भाजपा ने झूठे वादे कर सरकार बनायी है। सरकार बनने के बाद केंद्र ने एक भी वादा पूरा नहीं किया।

उन्होंने दावा किया, केंद्र की भाजपा सरकार ने प्रत्येक नागरिक के बैंक खाते में 15 लाख रुपये जमा करने का वादा किया था लेकिन पैसे खाते में नहीं आए। श्रीनिवास ने कहा कि 5000 राजीव गांधी युवा मित्रों को दोबारा रोजगार दिया जाये। यह योजना पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई थी और भाजपा ने सत्ता में आने के बाद इस योजना को बंद कर दिया। श्रीनिवास ने यह भी कहा कि सरकार को किसानों से बात करनी चाहिए और उनकी सभी मांगें मान लेनी चाहिए।

युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया ने कहा कि राज्य सरकार महज ढाई माह में ही अपना विश्वास खो चुकी है। उन्होंने कहा, सरकार युवाओं और किसानों से किए गए वादों पर खरी नहीं उतर रही है। राज्य में बेरोजगार युवाओं के लिए नौकरी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

# विद्युत की कमी से उद्योगों का पलायन नहीं होने देंगे : नागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भीलवाडा। राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि विद्युत की कमी से भीलवाड़ा से उद्योगों का पलायन नहीं होने देंगे अब विद्युत आपूर्ति प्रयाप्त करने के प्रयास किए जाएंगे। नागर ने बुधवार को यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सुबह और शाम के समय विद्युत आपूर्ति प्रभावित होती है जिसे दूर करने के हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा में उद्योगों के पलायन को रोकने का हर संभव प्रयास होगा और उन्हें पर्याप्त मात्रा में बिजली मिले ऐसी व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने राज्य में कोयला संकट के प्रश्न पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कोयले की कमी का सीधा-सीधा कारण पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार का उदासीन रवैया रहा है। पिछले 5 वर्षों में कोयले की नियमित आपूर्ति को लेकर किसी भी प्रकार का नवाचार नहीं किया गया। राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने के बाद गंभीरता के साथ कोयले की आपूर्ति को नियमित करने के सकारात्मक प्रयास प्रारंभ कर दिए गए हैं और जल्द ही इसके सुखद परिणाम देखने को मिलेंगे। वहीं पिछले पांच वर्षों में कोयला आपूर्ति में हुई अनियमितताओं की भी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कारवाई की जाएगी।

नागर ने कहा कि राज्य में ऐसा माहौल बनाया जाएगा कि यहां के उद्योग बाहर शिफ्ट होने की बजाय अन्य राज्यों से नए उद्योग ज्यादा से ज्यादा यहां आने के लिए तैयार हो। भीलवाड़ा के उद्योग जगत को नियमित बिजली आपूर्ति के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि गत दिनों भीलवाड़ा के उद्योगपतियों का प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला है और उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करके यहां के उद्योग जगत को हर संभव राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# चट्टान के नीचे दबने से तीन मजदूरों की मौत

जयपुर। राजस्थान के पाली जिले के गुडा एदंला थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह ग्रेनाइट की खदान में चट्टान के नीचे दबने से तीन मजदूरों की मौत हो गई जबकि एक अन्य मजदूर घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि ग्रेनाइट की खदान में पत्थर की कटाई के दौरान कंपन से एक भारी चट्टान खिसक गई। इसके नीचे दबने से महावीर मीणा (20), हेमराज मीणा (22), मोहन मीणा (21) की मौत हो गई, वहीं एक अन्य मजदूर घायल हो गया। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये पाली के बांगड़ जिला अस्पताल में रखवाया गया है। परिजनों को सूचित कर दिया गया है।




# विकसित भारत का सपना बहुत जल्दी होगा साकार : दीया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रधानमंत्री की सबका साथ सबका विकास की सोच के अनुसार दिव्यांगजन को परिवार के हिस्से के रूप में साथ लेकर ही आगे बढ़ने की आवश्यकता जताई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2014 से विकास की गति तिगुनी हो गई है। विकसित भारत का सपना 2047 से पहले ही बहुत जल्दी साकार होगा। उन्होंने कहा राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है। उप मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में राजकीय सावित्री बाई फुले छात्रावास, (कॉलेज स्तरीय) गांधीनगर, जयपुर में बुधवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी वितरण समारोह आयोजित किया गया।

दीया कुमारी ने समारोह को संबोधित करते हुए 60 दिव्यांगजनों को स्कूटी मिलने की बधाई दी और कहा कि यह आपके जीवन में खुशियों का संचार करे यही मेरी कामना है। उन्होंने दिव्यांग स्कूटी वितरण कार्यक्रम कवरेज करने आए मीडिया कर्मियों का आभार जताते हुए कहा कि हम सभी के द्वारा हमारे परिवारजन दिव्यांगजनों को महत्व दिया जाना चाहिए।

उप मुख्यमंत्री ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूटी प्राप्त वाले दिव्यांग जनों में कई बेटियां भी हैं। राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला सुरक्षा के लिए कार्य किए किए जा रहे हैं। बजट घोषणा में कराटे विधा को स्पोर्ट्स कोटा में शामिल किया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और उनका समुचित संचालन भी होगा।उन्होंने कहा कि जुलाई में जब फिर बजट आएगा तो दिव्यांग जनों का विशेष ख्याल रखा जाएगा।

दीया कुमारी ने कहा कि पब्लिक प्लेस पर रैंप बनवाए जाने के साथ ही वहां ब्रेल लिपि में सूचना पट्ट भी लिखवाये जाएं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन सहित सामाज कल्याण के लिए निजी संस्थाएं, उद्योगपति तथा कॉरपोरेट्स सी एस आर के तहत योगदान देने के लिए आगे आने चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के तहत दिव्यांगजन के लिए दो बजट घोषणाएं की गई हैं जिनमें जयपुर के जामडोली में कंपोजिट रीजनल सेंटर बनवाया जाएगा और इसी प्रकार दिव्यांगजनों के लिए राज्य में जिला रिहैबिलिटेशन सेंटर भी बनाए जाएंगे। समारोह की अध्यक्षता कर रहे अविनाश गहलोत,' सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांग जनों के प्रति संवेदनशील है और निरंतर दिव्यांग जनों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आगे आने वाले समय में भी दिव्यांग जनों के लिए स्कूटी वितरण करती रहेगी और दिव्यांग जनों के कल्याण के लिए धन की कमी नहीं आने देगी। अविनाश गहलोत ने कहा कि आगे आने वाले समय में विभाग द्वारा निशक्तजन प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर लगाए जाएंगे और योजनाओं का सीधा लाभ विशेष योग्य जनों को मिल सके इसका प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास की संकल्पना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार किया जाएगा।

अविनाश गहलोत ने कहा कि भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजनो के लिए समान अवसर उपलब्ध कराने, राजकीय सेवा में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए तथा दिव्यांगजनो के लिए समायोजित करने वाला वातावरण बनाने के लिए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 लाया गया ,जिसके तहत दिव्यांगजनों को राजकीय सेवा में 4 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था भी की गई है। साथ ही दिव्यांगता की श्रेणियां बढाक़र 21 कर दी गई है।

# लोकसभा में दस प्रतिशत वोट बढ़ाने का लक्ष्य तय करें कार्यकर्ता : अरूण चतुर्वेदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



झुंझुनू। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की चुनाव प्रबंधन समिति एवं कोर कमेटी की बैठक स्थानीय बगड़ रोड़ स्थित रिद्धि-सिद्धि होटल सभागार में जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में लोकसभा चुनाव संभाग प्रभारी भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव के लिए गत चुनाव की तुलना में 10 प्रतिशत वोट वृद्धि का लक्ष्य तय करें। उन्होंने लोकसभा की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक मंडल के बूथ स्तर तक बूथ समिति, पन्ना प्रमुख एवं पेज प्रमुख की नियुक्तियां संपूर्ण करने सहित नव मतदाता अभियान, केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी तक पहुंचने, शक्ति वंदन कार्यक्रम से महिलाओं को जोड़ने तथा प्रभावशाली व्यक्तियों को पार्टी में शामिल करवाने सहित प्रबंधन समिति एवं कोर कमेटी के सदस्यों को लोकसभा चुनाव हेतु अपने-अपने कर्तव्यों का कर्मठता से पालन करने की बात कही।

लोकसभा चुनाव के सह प्रभारी जितेंद्र शर्मा, लोकसभा चुनाव संयोजक डॉक्टर दशरथ सिंह शेखावत, सांसद नरेंद्र कुमार, जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, विधायक धर्मपाल गुर्जर, जिला प्रभारी केडी बाबर भी मंच पर रहे।

इस मौके पर पूर्व विधायक सुभाष पूनिया लोकसभा विस्थारक अंकुर महेश्वरी उप जिला प्रमुख सतवीर गुर्जर झुंझुनू से प्रत्याशी रहे निशित बबलू चौधरी, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनवारी लाल सैनी पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनिया, नगर मंडल अध्यक्ष एवं लोकसभा चुनाव मीडिया प्रभारी कमलकांत शर्मा, जिला महामंत्री सरजीत चौधरी, जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढुकिया, राकेश शर्मा बगड़, राम निरंजन पुरोहित, श्रीमती सुशीला सीगड़ा, शेर सिंह निर्माण, सुनील लांबा महेंद्र चंदवा, राकेश शर्मा पाटन, श्रीमती मंजू सैनी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज श्योराण, ऐसी मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र भाटिया मुरली मनोहर शर्मा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रतन सिंह तंवर, पार्षद चंद्र प्रकाश शुक्ला, इंद्राज सैनी, मनोज कुंडलवाल, गोविंद शर्मा फतेहपुर, महेश जीनगर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी से ब्रिटिश हाई कमीशन का प्रतिनिधि मंडल मिला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से विधानसभा में ब्रिटिश हाई कमीशन के दो सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। देवनानी ने प्रतिनिधिमंडल में शामिल ब्रिटिश हाई कमिशन में डीसीएच स्टीव हैकलिग और ब्रिटिश हाई कमिशन में ही राजनीतिक सलाहकार श्रीमती एमी रनिनगा का स्वागत किया । देवनानी ने राजस्थान विधानसभा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है। विधानसभा के सदन में पक्ष और प्रतिपक्ष के सदस्यगण जनहित के मुद्दों पर स्वस्थ परिचर्चा करते हैं। जन समस्याओं के निस्तारण के लिए कानूनों का निर्माण करते हैं। विधानसभा में राजनीतिक आख्यान संग्रहालय का निर्माण किया गया है, जिसमें राजस्थान निर्माण और राजस्थान के राजनीतिक परिदृश्य को जीवन्त प्रदर्शित किया गया है।

ब्रिटिश पार्लियामेंट दल ने राजस्थान विधानसभा के बारे में बारीकी से जानकारी ली। दल के सदस्यों ने ब्रिटेन की पार्लियामेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ऊर्जा, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी। संसद संवाद कार्यक्रम की चर्चा करते हुए ब्रिटिश दल ने राजस्थान विधानसभा के प्रतिनिधि मंडल को ब्रिटिश पार्लियामेंट में आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा का दल ब्रिटिश पार्लियामेंट में आकर वहां के कार्य प्रणाली और तकनीक का अध्ययन करें। इससे दोनों सदनों में एक दूसरे के नवाचारों की जानकारी का आदान-प्रदान हो सकेगा और सदनों में लोकतंत्र की चर्चा मजबूत हो सकेगी। इस मौके पर राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा भी मौजूद थे।



## मुलाकात

जयपुर में बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्य चुन्नीलाल गरासिया से ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात करते हुए।

# दवाओं की खरीद एवं आपूर्ति का प्रबंधन और सुढ़ बनाएंगे : नेहा गिरि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक श्रीमती नेहा गिरि ने कहा कि प्रदेशवासियों को सुगमतापूर्वक बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसको ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के तहत प्रत्येक रोगी को उसकी आवश्यकता अनुसार सभी दवाएं उपलब्ध हों। इसमें किसी स्तर पर कोई कमी नहीं रहे। उन्होंने कहा कि इसके लिए दवाओं की खरीद एवं आपूर्ति के प्रबंधन को और सुदृढ़ बनाया जाएगा। श्रीमती गिरि, प्रदेश में संचालित मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के संबंध में बुधवार को राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि दवाओं की अनुपलब्धता के संबंध में फार्मासिस्ट प्रत्येक दिन अपने संस्थान के चिकित्साधिकारियों को भी अवगत कराए।



# राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का हो त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : राजन विशाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। शासन सचिव राजन विशाल ने बुधवार को सचिवालय स्थित प्रशासनिक सुधार विभाग मुख्यालय का दौरा कर वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली व आवश्यक दिशा निर्देश दिये। राजन विशाल ने सभी कार्मिकों को निर्देश दिए है की राजस्थान संपर्क पर दर्ज प्रकरणों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करें। विशाल ने कहा कि राज्य सरकार के यह मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर संवेदनशील, पारदर्शी, जवाबदेही प्रशासनिक व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही उन्होंने विभाग के राज मास्टर्स डेटाबेस को अपडेट करने, शिकायतों की निस्तारण एवं चिन्हीकरण प्रक्रिया को और बेहतर बनाने, स्वत: ट्रांसफर को और प्रभावी बनाने के लिए मैपिंग को अपडेट करने के निर्देश दिये।

विशाल ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम में आने वाले परिवाद को किस तरह सम्पर्क पोर्टल से जोड़ा जाये इस पर कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा की राजस्थान सम्पर्क पोर्टल को अत्यधिक प्रभावशाली बनाने के लिए हमे एक कदम आगे चलने की ज़रूरत है। वर्षों पुराने मैपिंग डेटा को अपडेट कर हम शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कर सकते है, जिसके लिये अविलंभ कार्ययोजन तैयार की जाये।

गौरतलब है की किसी भी विभाग से संबंधित समस्याओं से परेशान होने पर राज्य सरकार के द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 181 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। हेल्प लाइन नंबर पर शिकायत दर्ज होने पर संबंधित अधिकारी को इसका निर्धारित समय सीमा में निस्तारण करना होता है। ऐसे में लोगों को समस्या समाधान के लिए किसी अधिकारी व दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। समस्या समाधान करने के बाद संबंधित व्यक्ति को सूचना भी दी जाती है।

लोगों की समस्याओं के समाधान के सिलसिले में शुरू की गई राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 नंबर पर घर बैठे ही लोग मोबाइल से बिजली, पानी, सड़क, राशन आदि सभी महकमों के साथ सरकार के कामकाज में देरी की शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं। 181 नंबर पर कॉल करने पर सबसे पहले शिकायत कॉल सेंटर में दर्ज की जाती है।

# शहीद छोटूराम जाट का सैन्य सम्मान के साथ हुआ अन्तिम संस्कार

अजमेर/दक्षिण भारत। पश्चिमी बंगाल में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में 18 फरवरी को शहीद हुए अजमेर जिले के किशनगढ़ उपखंड में तिलोनियां ग्राम के छोटूराम जाट का आज उनके पैतृक गांव में सैन्य सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार कर दिया गया। शहीद छोटूराम (42) की शवयात्रा में तिलोनियां के ग्रामीण उमड़ पड़े और स्कूली बच्चों ने भी सड़क के दोनों ओर खड़े रहकर पुष्प वर्षा की। सरकार की ओर से भी शहीद की पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित किया गया। शहीद के 15 वर्षीय पुत्र ने देवेंद्र ने मुखाग्नि दी।



## विपक्षी दलों के खेमे में मची भगदड़, भाजपा में शामिल हो रहे इन पार्टियों के नेता : मौर्य

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को दावा किया कि विपक्षी दलों के खेमे में भगदड़ की स्थिति है और समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कांग्रेस के कार्यकर्ता अपने-अपने दल छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो रहे हैं। मौर्य ने अपने साथी उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के साथ संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा समाज के सभी वर्गों के लिए शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं से आकर्षित होकर विपक्षी खेमे के लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। सपा, कांग्रेस और बसपा के कई नेता आज भाजपा में शामिल हुए। मौर्य ने कहा, सपा, कांग्रेस और बसपा में भगदड़ जैसी स्थिति देखी जा रही है, इस वजह से इन पार्टियों के लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं।



## उप्र में सीट बंटवारे पर सपा से गतिरोध दूर, कांग्रेस रायबरेली, अमेठी सहित 17 सीट पर लड़ेगी चुनाव

**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के बीच उत्तर प्रदेश में सीट बंटवारे को लेकर जारी गतिरोध दूर हो गया है। दोनों पार्टियों ने 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया गठबंधन) के तहत बुधवार को प्रदेश में सीट बंटवारे की औपचारिक घोषणा कर दी, जिसके तहत कांग्रेस रायबरेली और अमेठी सहित 17 सीट पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। यह घोषणा सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में की। पांडे ने कहा कि कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि राज्य की बाकी 63 सीटों पर सपा और गठबंधन के अन्य सहयोगी दलों के उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। पटेल ने कहा कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में रायबरेली, अमेठी, कानपुर नगर, फतेहपुर सीकरी, बांसगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी और देवरिया सहित 17 सीट पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने बताया कि सपा ने मध्य प्रदेश की खजुराहो लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का इरादा जाहिर किया था जिसे कांग्रेस ने स्वीकार कर लिया है।

## ओडिशा के पूर्व मंत्री भारतीय जनता पार्टी में शामिल

**भुवनेश्वर/भाषा।** बीजू जनता दल (बीजद) से निष्कासित किए जाने के चार साल बाद गोपालपुर विधायक और ओडिशा के पूर्व मंत्री प्रदीप कुमार पाणिग्रही बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। भाजपा की राज्य ईकाई के प्रमुख मनमोहन सामल की उपस्थिति में पाणिग्रही पार्टी में शामिल हुए। नौकरशाह से बीजद नेता बने वीके पांडियन के आलोचक माने जाने वाली पाणिग्रही को जनविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण 2020 में बीजू जनता दल से निष्कासित कर दिया गया था। गंजम जिले के गोपालपुर से तीन बार के विधायक प्रदीप कुमार पाणिग्रही उच्च शिक्षा मंत्री रह चुके हैं। राज्य की बीजद सरकार पर अहंकारी और निरंकुश होने का आरोप लगाते हुए पाणिग्रही ने नवीन पटनायक सरकार को हटाने की शपथ ली।

## ओडिशा में जनजातीयों के खिलाफ 48 हजार से अधिक छोटे मामले वापस लिए गए

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने अनुसूचित जनजाति के लोगों के खिलाफ 48,018 छोटे मामले वापस लेने का आदेश दिया। अधिकारी ने बताया कि अधिकतर मामले गृह, उत्पाद शुल्क और वन एवं पर्यावरण विभाग से संबंधित हैं। सीएमओ द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, जांच के बाद 48,018 मामलों को वापस लेने का निर्णय लिया है। बताया गया है कि इन मामलों में से 36,581 मामले उत्पाद शुल्क विभाग, 9,846 गृह विभाग और 1,591 मामले वन एवं पर्यावरण विभाग के अंतर्गत आते हैं।

# 'नैमिषारण्य तीर्थ को तीर्थस्थल के रूप में विकसित करने का काम किया जा रहा'



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सीतापुर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सीतापुर में नैमिषारण्य धाम के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इसके महत्व का उल्लेख विभिन्न धार्मिक ग्रंथों में भी किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर श्री श्री जगदंबा राज राजेश्वरी मंदिर की स्थापना- प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव व नूतन देवालय के चितशक्ति द्वार का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां पूजन-अर्चना भी की। उन्होंने कहा कि देश, समाज व लोक की व्यवस्था को लोककल्याण के पथ पर उन्मुख करने के लिए जिस देवी का अनुष्ठान करते हैं, वह जगदंबा राजराजेश्वरी है। नैमिष तीर्थ के महात्म्य को ध्यान में रखकर सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। इसे तीर्थ के रूप में विकसित करने की कार्रवाई चल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक आयोजन सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। धर्म केवल उपासना विधि नहीं है। धर्म अच्छे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। धर्म शाश्वत व्यवस्था है, जिसके माध्यम से हम लोग अनुशासन, कर्तव्य व सदाचार का पाठ पढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि इनसे जुड़े नैतिक मूल्य का समन्वय ही वास्तव में धर्म है। पंथ-संप्रदाय, उपासना विधियां आएंगी-जाएंगी, लेकिन धर्म हमेशा शाश्वत रहता है। सनातन धर्म इस सृष्टि व मानवता का धर्म है। उन्होंने कहा, जब तक सनातन धर्म है, विश्व मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा। सनातन धर्म पर खतरा आएगा तो विश्व मानवता पर खतरा आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की विरासत को नया स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में प्रारंभ हुए कार्य अद्भुत हैं। उन्होंने कहा कि काशी में काशी विश्वनाथ को भव्य स्वरूप दिया गया। महाकाल में महालोक का भव्य स्वरूप देखने को मिलेगा।

## बिहार के लखीसराय में सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

**लखीसराय/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार के लखीसराय जिले में एक सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत होने पर शोक व्यक्त किया है। इस हादसे में पांच अन्य लोग घायल हुए हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में मोदी ने कहा, बिहार के लखीसराय में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव सहायता में जुटा है।

पुलिस ने बताया कि बिहार के लखीसराय में बुधवार तड़के एक ट्रक और टेम्पो की आमने-सामने की टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य व्यक्ति घायल हो गए।

घटना लखीसराय-सिकंदरा मुख्य मार्ग के किनारे बिहरौरा गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि टेम्पो विपरीत दिशा से आ रहा था और उसमें 15 यात्री सवार थे।

## बिहार विस में विपक्ष के 'मुर्दाबाद' के नारों पर भड़के नीतीश कुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को विधानसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा उनके खिलाफ 'मुर्दाबाद' के नारे लगाये जाने पर भड़क गए। बिहार विधानसभा में आज की कार्यवाही शुरू होने के 30 मिनट के भीतर ही विपक्ष ने एक भाजपा विधायक द्वारा मंगलवार को कथित तौर पर असंसदीय शब्दों का प्रयोग किए जाने के मुद्दे पर उनसे माफी की मांग करते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। कई विपक्षी सदस्य वेषम में आ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सदन अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने सभी से अपनी सीट पर लौटने की अपील की, लेकिन उसे भी अनसुनी कर दिया।

विपक्षी के ''मुख्यमंत्री मुर्दाबाद'' के नारे पर कुमार अपनी सीट से खड़े हो गए और जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा, मेरे खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाते रहो। मैं तुम्हें जिंदाबाद कहूंगा। लेकिन याद रखना अगले चुनाव में आप में से ज्यादातर लोग फिर से निर्वाचित नहीं हो पाएंगे। तब आप अपना समय अपने निर्वाचन क्षेत्रों में शोर मचाने में बिता सकते हो। जनता दल यूनाइटेड (जद-यू) अध्यक्ष ने कहा, हमारी सरकार ने बहुत कुछ किया है। लेकिन आप लोग जब भी सत्ता में आए गलत काम किए। मैं सब कुछ ठीक करने जा रहा हूं। नीतीश कुमार पिछले माह राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले महागठबंधन से नाता तोड़कर भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रित गठबंधन (राजग) में लौट आए थे। कुमार ने अपर मुख्य सचिव केके पाठक को हटाने की मांग पर भी आपत्ति जताई। मुख्यमंत्री ने एक दिन पहले आदेश दिया था कि शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व में निर्धारित स्कूल का समय सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे के बजाय सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक किया जाए। विपक्षी सदस्यों ने दावा किया था कि शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक ने मुख्यमंत्री द्वारा सदन के भीतर दिए गए आश्वासन की अवहेलना की है। मुख्यमंत्री ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा, आप एक अधिकारी को हटाने की मांग कर रहे हैं। क्या आपको ऐसा करने का अधिकार है?



## यह कैसा राम राज्य, जहां 90 प्रतिशत लोगों को रोजगार नहीं मिल सकता : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कानपुर/उन्नाव (उप्र)/भाषा।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 'राम राज्य' की परिकल्पना को साकार करने का दावा करने वाली केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि यह कैसा राम राज्य है जहां कुल आबादी में लगभग 90 फीसद हिस्सेदारी रखने वाले पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को रोजगार नहीं मिल सकता।

अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत कानपुर पहुंचे राहुल ने शहर स्थित घंटाघर चौराहे पर एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए मोदी सरकार पर देश की आबादी में करीब 90 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के साथ नाइंसाफी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, देश में 50 प्रतिशत आबादी पिछड़े वर्गों की है, दलित 15 प्रतिशत, आठ प्रतिशत आदिवासी और अल्पसंख्यक 15 प्रतिशत हैं। आप जितना चिल्लाना चाहते हैं चिल्लाएं लेकिन इस देश में आपको रोजगार नहीं मिल सकता। आप पिछड़े, दलित, आदिवासी या गरीब सामान्य वर्ग के हैं तो आपको रोजगार नहीं मिल सकता। (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी जी नहीं चाहते कि आप लोगों को रोजगार मिले।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, यह कैसा राम राज्य है जिसमें 90 प्रतिशत लोगों को रोजगार नहीं मिल सकता। लोग भूखे मर रहे हैं। मीडिया में बड़े-बड़े उद्योगों में आपका कोई नहीं है। किसी संस्था में आपका कोई नहीं। नौकरशाही में आपका कोई नहीं। राहुल ने गत 22 जनवरी को अयोध्या में हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी पिछड़े, दलित और आदिवासी वर्गों की उपेक्षा का आरोप लगाया और कहा, आपने प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देखा। उसमें कितने लोग पिछड़े वर्ग के थे, दलित और आदिवासी कितने थे। आदिवासी राष्ट्रपति (द्रौपदी मुर्मु) को भी नहीं बुलाया गया।

कांग्रेस सांसद राहुल ने जातिवार गणना पर जोर देते हुए कहा, हमने कहा है कि हिंदुस्तान की प्रगति के लिए सबसे बड़ा क्रांतिकारी कदम जातिवार जनगणना है। इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। जातिवार जनगणना के बाद आर्थिक सर्वे और वित्तीय सर्वे करके हम पता लगाएंगे कि दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के हाथ में कितना पैसा है।

## ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा करने में नाकाम : भाजपा सांसद



**जबलपुर/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार ने संदेशखालि गांव में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री अपने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा करने में पूरी तरह से विफल रही हैं और ऐसे अपराधों में शामिल लोगों को बचा रही हैं। पाटीदार ने यह भी आरोप लगाया कि बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार ने दो केंद्रीय मंत्रियों सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को संदेशखालि पीड़ितों से मिलने की अनुमति नहीं दी।

पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24-परगना जिले के संदेशखालि में बड़ी संख्या में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जबरदस्ती जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है जिसे लेकर इलाके में तनाव है।

पाटीदार ने यहां एक बैठक में भाग लेते हुए 'पीटीआई-भाषा' से कहा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का नाम ममता है, लेकिन उनके राज्य में जिस तरह से महिलाओं के खिलाफ अत्याचार हो रहे हैं उसे देखकर लगता है कि उनमें ममत्व का 'म' भी नहीं है।



# निर्वाचन आयोग ने बिहार का दौरा समाप्त किया, कम मतदान पर जताई चिंता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** निर्वाचन चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा कि बिहार में कम मतदान चिंता का विषय है क्योंकि यह वह भूमि है जहां माना जाता है कि लोकतंत्र का जन्म हुआ और जहां के नागरिक अभी भी राजनीतिक रूप से अधिक जागरूक हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव से पहले तैयारियों की समीक्षा के लिए राज्य के अपने तीन दिवसीय दौरे के समापन से पहले यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। कुमार ने वैशाली के प्राचीन लोकतांत्रिक गणराज्य का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, बिहार को लोकतंत्र की जननी के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा, राज्य के लोग राजनीतिक रूप से जागरूक माने जाते हैं, फिर भी यहां मतदान प्रतिशत खराब रहा है। 2019 में यह न केवल राष्ट्रीय औसत से कम था बल्कि देश में कम मतदान के मामले में दूसरे स्थान पर रहा था। जम्मू-कश्मीर में सबसे कम मतदान प्रतिशत दर्ज किया गया था।

सीईसी ने कहा कि मतदान में सुधार सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जहां यह विशेष रूप से कम मतदान हुआ था। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि 2019 में शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम था। राज्य में 16 विधानसभा क्षेत्र हैं जो मुख्य रूप से शहरी हैं। इनमें से 12 में (शहरी विधानसभा क्षेत्रों का 75 प्रतिशत) मतदान राज्य के औसत 57.33 प्रतिशत से कम था।

सीईसी ने कहा, इसके अलावा हमने 47 प्रतिशत से कम मतदान वाले 14 प्रतिशत मतदान केंद्रों की पहचान की है जहां राज्य के औसत से 10 प्रतिशत या उससे अधिक कम मतदान हुआ। नौ जिलों में 31 विधानसभा क्षेत्रों की पहचान की गई है जहां महिलाओं ने कम मतदान किया था। उन्होंने कहा, जिला निर्वाचन अधिकारियों को एफएम रेडियो चैनल और सोशल मीडिया जैसे मंचों पर स्थानीय भाषाओं में संदेश का प्रसारित कर बेहतर मतदान सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। सीईसी ने यह भी उम्मीद जताई कि युवा मतदाताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि से इस बार कुल मतदान में सुधार होगा। उन्होंने कहा, अब तक, बिहार में 7.64 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें से दो करोड़ से अधिक 30 वर्ष से कम आयु के हैं। 9.26 लाख मतदाताओं की उम्र 18-19 वर्ष के बीच हैं और वे पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अन्य 1.6 करोड़ की आयु 20 से 29 वर्ष के बीच है। सीईसी ने कहा कि 2019 के बाद से राज्य में 31.09 लाख महिला मतदाता शामिल हुई हैं जिनमें से 4.5 लाख 18-19 वर्ष आयु वर्ग की हैं। 2014 के बाद से समग्र चुनावी लिंग अनुपात में लगातार वृद्धि हुई है जब यह 877 से बढ़कर 892 हो गया और अब 909 हो गया है।

## आधार कार्ड को निष्क्रिय करना राजनीतिक खेल : ममता बनर्जी



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि आधार कार्ड को निष्क्रिय करना एक राजनीतिक खेल है और उनकी सरकार ने केंद्र सरकार की उस साजिश को रोक दिया है।

कोलकाता में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बनर्जी ने दावा किया कि मतुआ समुदाय के लोगों के आधार कार्ड निष्क्रिय कर दिए गए।

उन्होंने कहा, आधार कार्ड को निष्क्रिय करना एक राजनीतिक खेल था, वोट बैंक का एक खेल था। हमने आधार कार्ड को निष्क्रिय करने के पीछे की साजिश को रोक दिया है। उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में, प्रभावित लोगों को वैकल्पिक पहचानपत्र प्रदान करने की योजना की घोषणा की।

## वे हमें दिल्ली नहीं आने दे रहे तो हम चुनाव में उनको भी गांव नहीं आने देंगे : राकेश टिकैत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मेरठ (उप्र)/भाषा।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली जा रहे किसानों को रोके जाने पर बुधवार को कहा कि अगर वे (सरकार) किसानों को दिल्ली नहीं आने दे रहे हैं तो चुनाव में किसान भी उन्हें गांव में नहीं आने देंगे।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, बकाया गन्ना मूल्य के भुगतान, किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने समेत विभिन्न मांगों को लेकर मेरठ में भाकियू की ओर से जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया। टिकैत स्वयं ट्रैक्टर चलाते हुए किसानों के साथ कचहरी पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए कई जगह अवरोधक भी लगाये थे, मगर किसान उन्हें जबरन रास्ते से हटाते हुए आगे बढ़ गए। टिकैत ने सरकार द्वारा दिल्ली जा रहे किसानों को रोकने के लिए रास्ते में कीलें बिछवाये जाने से जुड़े सवाल के जवाब में कहा, रास्ते में कीलें बिछाना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। वे अगर हमारे लिए कील लगाएंगे तो हम भी अपने गांव में कील लगा देंगे। हमें भी अपने गांव की बैरिकेडिंग करनी होगी। टिकैत ने यह भी कहा, अगर वे दिल्ली नहीं आने दे रहे हैं तो चुनाव में हम भी उनको गांव नहीं आने देंगे।

## झारखंड के मुख्यमंत्री ने महत्वाकांक्षी ग्रामीण बस योजना शुरू की

**रांची/भाषा।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बुधवार को दूर-दराज के इलाकों में बस सेवाओं की सुविधा के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना' (एमएमजीजीवाई) की शुरुआत की जो एक ग्रामीण परिवहन योजना है।

योजना का प्राथमिक उद्देश्य ब्लॉकों, उपखंडों और जिला मुख्यालयों के बीच संपर्क स्थापित करना है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि दूरदराज के गांवों के निवासियों को सुविधाजनक परिवहन प्रणाली तक पहुंच प्राप्त हो। मुख्यमंत्री ने रांची के मोरहाबादी मैदान में एक कार्यक्रम के दौरान इस योजना की शुरुआत की जहां उन्होंने रांची, गुमला और लोहरदगा के लाभार्थियों को अबुआ आवास योजना के तहत स्वीकृति पत्र और पहली किस्त भी वितरित की। सोरेन ने कहा, दूरदराज के इलाकों, जंगलों और नदी के किनारे ऐसे गांव हैं जहां कोई सड़क या परिवहन सुविधा नहीं है। ग्रामीणों को जिला मुख्यालय तक पहुंचने के लिए 30 से 40 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। अब ग्रामीणों को परेशानी नहीं होगी। यह योजना झारखंड में छात्रों, किसानों और रोगियों सहित गांव में रहने वाले लोगों को सुविधा प्रदान करेगी।



# अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने से मुझे निराशा हुई : शुभमन गिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** शुभमन गिल के सामने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला से पहले कुछ चुनौतियां थी, जिनमें फॉर्म में वापसी करना भी शामिल था क्योंकि अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाने के कारण वह निराश थे। गिल के लिए भारतीय बल्लेबाजी क्रम में तीसरे नंबर पर उतरना नया अनुभव था। उन्होंने इस नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अभी तक पांच मैच की शृंखला के पहले तीन मैच में 252 रन बनाए हैं जिसमें विशाखापत्तनम में खेली गई 104 रन की पारी और राजकोट में बनाए गए 91 रन भी शामिल हैं।

गिल ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, अपनी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाना थोड़ा मुश्किल था। जब बाहर बैठे लोग इस बारे में बात करते हैं तो मुझ पर खास प्रभाव नहीं पड़ता लेकिन मैंने जो उम्मीदें खुद से लगाई थी उन पर खरा नहीं उतर पाने के कारण मैं थोड़ा निराश था। उन्होंने कहा, आप निश्चित तौर पर खुद से कुछ अपेक्षाएं रखते हैं लेकिन मुझे नहीं लगता कि इससे मेरी मानसिकता बदली। मैं अब भी स्वयं से इस तरह की उम्मीदें रखता हूं। यह इस बात से जुड़ा है कि आप उन्हें कितनी जल्दी भूल पाते हैं और अगली चुनौती के लिए तैयार रहते हैं। एक बड़े खिलाड़ी और एक औसत खिलाड़ी के बीच यही अंतर होता है। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने लगातार 11 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगाया। इनमें पिछले महीने इंग्लैंड के खिलाफ खेला गया हैदराबाद टेस्ट भी शामिल है जिसमें उन्हें पहली बार पारी का आगाज करने के बजाय तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरना पड़ा। गिल ने कहा कि तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना उनके लिए अलग तरह की चुनौती थी भले ही वह घरेलू मैचों में इस नंबर पर बल्लेबाजी कर चुके थे। उन्होंने कहा, मैं भारत ए और रणजी ट्रॉफी के कुछ मैच में तीसरे और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की थी। यह ऐसा नहीं था जो मैंने पहले अपनी जिंदगी में नहीं किया हो। इसके लिए मैंने अपनी बल्लेबाजी में बहुत अधिक तकनीक बदलाव ही नहीं किए।



## विदेशी पर्यटक से बदसलूकी के आरोप में मंदिर का पुजारी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** श्री लिंगराज मंदिर के एक पुजारी को एक विदेशी महिला पर्यटक के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान कुंडू महापात्रा के रूप में हुई है, जिसे विदेशी महिला पर्यटक की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया। भुवनेश्वर के पुलिस उपायुक्त प्रतीक सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमने स्वीडन की एक महिला के प्रति अनुचित व्यवहार के आरोप में एक पुजारी को गिरफ्तार किया है। जब विदेशी पर्यटक लिंगराज मंदिर के पास अकेले घूम रही थी, तब पुजारी ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया। लिंगराज पुलिस थाने में पुजारी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 341 (गलत तरीके से रोकना), 354 (शीलभंग करने का इरादा) और 354ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया है।

## सुविचार

**जिंदगी में हर मौके का फायदा उठाओ, पर किसी की मजबूरी का नहीं, अगर जिंदगी मौका देती है, तो धोखा भी देती है**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# नशे की प्रवृत्ति पर लगाम जरूरी

तंबाकू के सेवन और उससे होने वाले दुष्प्रभावों को ध्यान में रखते हुए कर्नाटक सरकार द्वारा सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए) में संशोधन स्वागत-योग्य फैसला है। इसके तहत राज्यभर में हुक्काबारों पर पाबंदी जनस्वास्थ्य के लिए सराहनीय है। वहीं, 21 साल से कम उम्र के लोगों को सिगरेट तथा अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर पाबंदी से युवाओं में नशे की प्रवृत्ति पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। 'नशे' को 'नाश' की जड़ यूं ही नहीं कहा गया है। यह तन, मन, धन और जीवन ... सबकी हानि करता है। इस बात पर ज्यादातर लोग सहमत होंगे कि खैनी, जर्दा, बीड़ी, सिगरेट, शराब या किसी भी नशीले पदार्थ की लत लगने की शुरुआत किशोरावस्था या युवावस्था से होती है। दोस्तों के 'उकसावे' में आकर एक बार जिस नशीले पदार्थ का सेवन शुरू कर दिया जाता है, बाद में उससे पीछा छुड़ाना बहुत मुश्किल होता है। पिछले कुछ वर्षों में बड़े शहरों से लेकर कस्बों तक में 'हुक्काबार' तेजी से पनपे हैं। हुक्के को न जाने क्यों 'प्रतिष्ठा' और 'परंपरा' से जोड़कर देखा जाता है, जबकि इसमें न तो प्रतिष्ठा बढ़ाने वाली कोई विशेषता है और न ही इससे कोई स्वस्थ परंपरा जुड़ी हुई है! इसे ऊंचे दर्जे की चीज समझना खुद को धोखे में डालने जैसा है। यह भी देखने में आया है कि हुक्काबार में मौज-मस्ती के नाम पर लोगों को अत्यंत मादक और हानिकारक पदार्थ परोसे जाते हैं। उनका धुआं फेफड़ों में लेने के बाद संबंधित व्यक्ति एक विचित्र किस्म की अनुभूति पाता है। इसे वह कुछ क्षणों का 'आनंद' समझता है, लेकिन असल में उस पदार्थ से उसके विवेक और चेतना का नाश होता है।

राजस्थान के झुंझुनूं जिले के एक गांव में युवाओं के बीच गांजा और भांग के नशे की लत बढ़ती जा रही है। उधर खैनी, जर्दा, बीड़ी, सिगरेट, शराब जैसे पदार्थों के नशे अपनी जगह हैं ही, गांजा-भांग पर भी खूब जोर है। वहां एक परिवार का इकलौता लड़का, जो कपड़ों के व्यवसाय से अच्छी कमाई कर रहा था, को कुसंगति के कारण इन पदार्थों की लत लग गई। एक दिन किसी सामाजिक कार्यक्रम में उसने सिगरेट में गांजा भरकर इतने कश लगाए कि कुछ समय बाद बेसुध हो गया। जमीन पर गिरने से उसके सिर में भी चोट आई। बाद में पता चला कि उसे लकवा हो गया है। उसके इलाज में परिवार की पूरी जमा-पूंजी खर्च हो गई, कीमती सामान बिक गया। उसके पिता यह सदमा बर्दाश्त नहीं कर सके और उनकी मृत्यु हो गई। सब रिश्तेदारों ने मुंह मोड़ लिया। नशे की लत ने उस खुशहाल परिवार को तबाह कर दिया। अब वह युवक लकड़ी के सहारे से बमुश्किल चल पाता है। वह उस लम्हे को कोसता है, जब उसे 'दोस्तों' ने पहली बार सिगरेट पीने के लिए उकसाया था। अब वह मीठी सुपारी तक नहीं खाता और दूसरों को भी हर किस्म के नशे से दूर रहने की सलाह देता है। सरकारें समय-समय पर तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री से संबंधित नियमों को सख्त करती रहती हैं, कुछ पाबंदियां लगा देती हैं, लेकिन जिन्हें नशा करना होता है, वे उनका 'तोड़' ढूंढ़ लेते हैं। वे ऐसा करके किसका नुकसान करते हैं? निस्संदेह खुद का ही नुकसान करते हैं। भारत के एक राज्य में शराब की बिक्री पर पाबंदी लगी हुई है, जबकि उसके पड़ोसी राज्य में बिक्री की छूट है। उस राज्य के सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले कई लोग, जो इसका सेवन करते हैं, सीमा पार कर इस ओर चले आते हैं। जब नशा कर लेते हैं तो वापस चले जाते हैं। अब इस स्थिति में सरकार को क्या करना चाहिए? क्या वह एक-एक व्यक्ति की जांच शुरू कर दे? सरकार नियम बना सकती है, कुछ सख्ती बरत सकती है, नशीले पदार्थों के सेवन को हतोत्साहित कर सकती है, लेकिन आखिरकार जिम्मेदारी उस व्यक्ति पर ही आती है। उसे इन पदार्थों से दूर रहने के लिए इच्छाशक्ति दिखानी होगी। अगर नशा नहीं करते हैं तो यह प्रशंसनीय है। अगर किसी कारणवश इसकी लत लग गई है तो अभी संकल्प लेकर इसे छोड़ना ही कल्याणकारी है।

## ट्वीटर टॉक



ये दस वर्ष साहसिक फैसलों, दूरगामी निर्णयों के नाम है। जो काम सदियों से लटके थे हमने उनका समाधान करने का साहस करके दिखाया है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण करके हमने 5 सदियों का इंतजार खत्म किया है।

**-नरेन्द्र मोदी**



पद्म विभूषण से सम्मानित, प्रख्यात न्यायविद और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री फली एस. नरीमन जी के निधन का दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करें।

**-राज्यवर्धनसिंह राठौड़**



बाड़मेर स्थित गुड़ामालानी के आलपुरा में श्री आलमजी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मलित होकर मंदिर में शोभायमान प्रभु के दिव्य दर्शन-पूजन किया । इस सुअवसर पर साधु संतों का स्नेहाशीष पाकर उपस्थित जनों को संबोधित किया।

**-भजनलाल शर्मा**

## प्रेरक प्रसंग

# नदी की सीख

एक बार शिक्षक ने बच्चों से पूछा, 'छात्रो, कल हम सारा दिन नदी किनारे थे तो आपको कैसा लगा?' 'नदी का पानी शीतल था' इस तरह सभी का जवाब एक-सा था। मगर एक बालक ने कहा, 'कल मैंने समझा कि नदी हमें हमेशा आगे बढ़ाना सिखाती है यानी नदी की तरह हमें हमेशा बहते ही रहना है। जिस प्रकार नदी अपना रास्ता खुद ढूंढ़ लेती है, वैसे ही हमें भी अपना रास्ता खुद ही बनाना है। रास्ते में चाहे कितनी भी रुकावटें, कितनी भी मुश्किलें क्यों न आयें, हमें रुकना नहीं है, थकना नहीं है जब तक हमें सागर रूपी सफलता न मिले। जो नदी रुक जाती है वो बस एक तालाब या सरोवर बनकर रह जाती है।' तब शिक्षक ने कहा, 'बच्चो यह जीवन एक अपार सम्भावनाओं की बहती नदी के समान है। अब यह आप पर निर्भर करता है कि आप बाल्टी लेकर खड़े हैं या एक कटोरी।

## सामयिक

# हिट विकेट हो गए कमलनाथ

**रमेश सर्राफ धमोरा**
मोबाइल : 9414255034

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के कद्दावर नेता कमलनाथ को भाजपा ने हिट विकेट कर दिया है। पिछले एक सप्ताह से कमलनाथ के भाजपा में जाने की खबरें सुर्खियां बन रही थी। मगर भाजपा आलाकमान ने कमलनाथ के लिए पार्टी के दरवाजे नहीं खोले। चर्चा है कि मध्य प्रदेश भाजपा द्वारा कमलनाथ के भाजपा प्रवेश का विरोध किए जाने के कारण पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ के भाजपा प्रवेश के कार्यक्रम को टाल दिया है। अब कमलनाथ के सुर भी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। वह बोल रहे हैं कि मैं कभी भी कांग्रेस नहीं छोड़ सकता हूं। मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं और रहूंगा। जबकि एक दिन पहले तक कमलनाथ के खासमखास सज्जन सिंह वर्मा ने खुलेआम कांग्रेस पार्टी में कमलनाथ की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए उनके भाजपा में शामिल होने की पुष्टि की थी। मगर अब सज्जन वर्मा भी अपने बयानों से पलटते नजर आ रहे हैं। भाजपा में कमलनाथ को शामिल करने को लेकर अंदर खाने विरोध के स्वर उठ रहे थे।

भाजपा नेता तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि कमलनाथ सिख विरोधी दंगों के अगवा रहे हैं। उन पर सिखों की हत्या करने के आरोप है। ऐसे व्यक्ति को भाजपा में शामिल नहीं करना चाहिए। हालांकि कमलनाथ हमेशा ऐसे आरोपों को नकारते रहे हैं। सभी तरह की जांच में उन्हें क्लीनचिट भी मिल चुकी है। मगर सिख समाज के मन में आज भी कमलनाथ को लेकर नकारात्मक भावना बनी हुई है। ऐसे में भाजपा कमलनाथ को पार्टी में शामिल कर सिख मतदाताओं को नाराज नहीं करना चाहती है। हालांकि तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि यदि कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ भाजपा में शामिल होते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। क्योंकि नकुलनाथ ने सिख विरोधी कोई काम नहीं किया है।

कमलनाथ कांग्रेस में सबसे वरिष्ठ नेता माने जाते हैं। संजय गांधी के दून स्कूल के साथी कमलनाथ को 1980 के पहले लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना तीसरा बेटा कहकर चुनाव जीतवाने की अपील की थी। 1980 में मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल छिंदवाड़ा से पहली बार चुनाव जीतने के बाद कमलनाथ ने कभी राजनीति में पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह लगातार सफलता की सीढ़ी चढ़ते गए। कांग्रेस की केन्द्र सरकार में वह कई बार मंत्री, संगठन में पदाधिकारी, मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बनाए गए। मगर 2023 में कांग्रेस पार्टी के मध्यप्रदेश विधानसभा का चुनाव हारने के बाद पार्टी में उन्हें हाशिये पर धकेल दिया गया। उन्हें बिना पूछे ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से हटा दिया गया। इतना ही नहीं उनके विरोधी रहे जीतू पटवारी को उनके स्थान पर मध्य प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष व उमंग सिंघार को विधायक दल का नेता बना दिया गया। इससे कमलनाथ को बड़ा झटका लगा था और तभी से वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में अपने प्रवेश की जुगत लगाने लगे थे।

हालांकि अब कमलनाथ ने साफ कर दिया है कि वह कांग्रेस छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं। राहुल गांधी की न्याय यात्रा में भी वह शामिल होंगे। अगले लोकसभा चुनाव में पार्टी के सभी 29 सीटों पर प्रत्याशियों को जितवाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। मगर राजनीति के जानकारों का कहना है कि यह



कमलनाथ की खिसियाहट मिटाने का एक तरीका है। कमलनाथ को पता है कि भाजपा में शामिल नहीं होने के कारण पार्टी नेतृत्व के समक्ष उनकी छवि संदिग्ध की बन चुकी है। कांग्रेस आलाकमान को पता है कि जब भी मौका मिलेगा कमलनाथ कांग्रेस को अलविदा कह देंगे। इसलिए कांग्रेस आलाकमान उनको लेकर हमेशा सतर्क रहेगा और आगे उन्हें ऐसी कोई बड़ी जिम्मेदारी भी नहीं दी जाएगी जिस से उनके पार्टी छोड़ने पर पार्टी की छवि खराब हो।

कमलनाथ जैसे वरिष्ठ नेता द्वारा पिछले एक सप्ताह से जिस तरह का राजनीतिक ड्रामा किया गया था उसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। कमलनाथ की छवि एक गंभीर और सुलझे हुए नेता की मानी जाती रही है। ऐसे में भाजपा में शामिल होने को लेकर अफवाहों का जो दौर देखने को मिला उससे उनकी छवि तो खराब हुई है। आने वाले समय में वह राजनीतिक रूप से भी कमजोर हो जाएंगे ऐसी संभावना जताई जाने लगी है। अब कांग्रेस आलाकमान भी उनके समर्थकों से सीधी बात कर डैमेज कंट्रोल करने में जुट गया है। आने वाले समय में यदि कमलनाथ अपने सांसद पुत्र नकुलनाथ को भाजपा में शामिल भी करवा देते हैं तो कांग्रेस को अधिक नुकसान नहीं हो। इस बात को लेकर कांग्रेस आलाकमान अपनी गोटियां बिठाने में जुट गया है।

आज कमलनाथ की स्थिति न घर की न घाट की वाली बन गई है। भाजपा आलाकमान भी नहीं चाहता है कि महज एक छिंदवाड़ा लोकसभा सीट के लिए कमलनाथ को पार्टी में लाकर प्रदेश में एक नया गुट खड़ा करें। इसीलिए अंतिम समय में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ कि भाजपा एंट्री को रोक कर उन्हें ऐसा झटका दिया है जिससे वह है शायद ही कभी उबर पाए। राजस्थान में कांग्रेस के बड़े आदिवासी नेता व कांग्रेस की कार्य समिति के सदस्य महेंद्रजीत सिंह मालवीय भाजपा में शामिल हो गए हैं। मालवीय राजस्थान के बांगड़ क्षेत्र में बड़े कद के राजनेता है और कई बार मंत्री, विधायक, सांसद, प्रधान, जिला प्रमुख रह चुके हैं। इससे पूर्व महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी भाजपा में शामिल हो गये थे। कई अन्य नेता भी कतार में हैं।

कांग्रेस के ऐसे बड़े जनाधार वाले नेता पार्टी छोड़कर क्यों जा रहे हैं। कांग्रेस आलाकमान को इस बात पर भी चिंतन मनन करना चाहिए। राजनीति के जानकारों का कहना है कि मौजूदा समय में कांग्रेस के बड़े जन आधार वाले नेता हाशिये पर डाल दिए गए हैं। ऐसे कागजी नेताओं को जिन्होंने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा उन्हें अग्रिम मोर्चे पर लगा दिया गया है। बिना जनाधार वाले नेता ही जुगाड़ कर राज्यसभा में पहुंच जाते हैं। उसी का नतीजा है कि कांग्रेस के जन आधार वाले नेता दूसरे दलों में अपना राजनीतिक भविष्य तलाशने लगे हैं।

## मुद्दा

# संदेशखाली पर प्रियंका गांधी को गुस्सा क्यों नहीं आया?

**आशीष वशिष्ठ**
मोबाइल : 99362 47777

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भाजपाशासित राज्यों में महिला उत्पीड़न के मामलों को जोर शोर से उठाती हैं। प्रियंका ने यूपी के हाथरस मामले को जोर-शोर से उठाया था। 1 अक्टूबर 2020 को जब प्रियंका गांधी दिल्ली से हाथरस पीड़िता के परिवार से मिलने जा रही थी तो पुलिस ने ग्रेटर नोएडा के पास उनका काफिला रोक दिया था। तब उन्होंने मीडिया से कहा कि उनकी भी बेटी है, इसलिए एक मां के नाते उन्हें ऐसी घटनाओं से बहुत गुस्सा आता है। प्रियंका ने उन्नाव दुष्कर्म कांड को लेकर योगी सरकार पर जमकर सवाल उठाए थे। इस मामले में उनकी सक्रियता देखते ही बनती थी। एक तो मामला भाजपाशासित राज्य का था, दूसरा आरोपों के घेरे में बीजेपी विधायक था। प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को घेरते हुए पूछा था कि, सरकार को बताना चाहिए कि वो महिलाओं के साथ है या अपराधियों के?

21 जनवरी 2022 को यूपी के बुलंदशहर जिले में एक किशोरी की हत्या का मामला सामने आया था। परिजनों का आरोप था कि किशोरी की गैंगरेप के बाद हत्या की गई। प्रियंका गांधी 3 फरवरी 2022 को यूपी के बुलंदशहर पहुंचीं, जहां उन्होंने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। 4 फरवरी, 2024 को सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर प्रियंका गांधी ने उप्र के बांदा में एक जज की मौत के मामले को उठाने में देरी नहीं की, और प्रदेश सरकार पर जमकर अपनी भड़ास भी निकाली। एक जिम्मेदार नेता और नागरिक के नाते प्रियंका का महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों और अत्याचार पर मुखरता काबिले तारीफ है। लेकिन तस्वीर का दूसरा पक्ष यह है कि प्रियंका गांधी की सारी सक्रियता भाजपा या एनडीए शासित राज्यों में ही क्यों दिखाई देती है। उन्हें क्यों भाजपाशासित राज्यों में महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों पर ही गुस्सा आता है? उन्हें कांग्रेसशासित और गैर भाजपाशासित राज्यों में महिलाओं पर होने वाले अत्याचार उन्हें उद्वेलित और क्रोधित नहीं करते? उन्हें वहां की महिलाओं का दुख महसूस क्यों नहीं होता? गैर भाजपाशासित राज्यों में हो रहे महिला अपराधों पर वो मौन क्यों धारण कर लेती हैं?

मुख्यधारा की मीडिया ने भी संदेशखाली पर व्यापक रूप से रिपोर्ट करना शुरू कर दिया है। फिर भी, किसी भी जागरूक बुद्धिजीवी और सेलिब्रिटी ब्रिगेड ने निंदा का एक शब्द प्रदेश सरकार के खिलाफ नहीं बोला है। इस अति संवेदनशील और गंभीर मुद्दे पर देश की सबसे पुरानी पार्टी के कर्णधारों प्रियंका गांधी वाड्रा और उनके भाई राहुल गांधी की चुप्पी भी उन्हें सवालों के घेरे में खड़ा करती है। राहुल गांधी तो इस वक्त भारत जोड़ों न्याय यात्रा पर हैं। वो हर छोटे-बड़े मुद्दे पर केंद्र और भाजपाशासित सरकारों को घेर रहे हैं। ऐसे में अहम सवाल यह है कि संदेशखाली की पीड़ितों के लिए उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री से न्याय क्यों नहीं मांगा?

संदेशखाली पर प्रियंका गांधी की चुप्पी यह साबित करती है कि उन्हें महिला सुरक्षा और बेटियों की अस्मिता से कोई खास लेना-देना नहीं है। वो महिला उत्पीड़न और अपराध के मामलों को राजनीतिक चश्मे और नफे-नुकसान के हिसाब से देखती हैं। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस राजनीतिक सेहत किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में वहां राजनीति करके कुछ ज्यादा हासिल नहीं होने वाला। इसलिए प्रियंका न तो वहां की बेटियों के लिए लड़ने जा रही हैं, और ना ही राहुल गांधी उनके लिए न्याय मांग रहे हैं। भाजपा ही प्रदेश सरकार को लगातार इस मुद्दे पर प्रभावी तरीके से घेर रही है। अगली बार जब प्रियंका गांधी को भाजपा या एनडीए शासित प्रदेश में किसी महिला के हक में आवाज उठाने या गुस्सा दिखाने से पहले संदेशखाली की न्याय मांगती पीड़ितों के चेहरे याद रखने चाहिएं। क्योंकि महिला सम्मान और सुरक्षा के गंभीर और संवेदनशील मुद्दे को राजनीतिक नफे-नुकसान के पलड़े पर तोलने से ज्यादा शर्मनाक कुछ और नहीं हो सकता।

## नजरिया

# मोदी के तीसरे कार्यकाल की सुखद आहट

**ललित गर्ग**
मोबाइल : 9811051133

वर्ष 2024 के आम चुनाव सन्निकट हैं। भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक एवं धमाकेदार जीत के प्रति आश्वस्त है। एक बार फिर प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी एक नयी पारी की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी का यह तीसरा कार्यकाल अगले एक हजार वर्षों के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल होगा। इस अवधि में भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने के साथ विश्वगुरु भी बन सकेगा। प्रधानमंत्री मोदी के दो कार्यकाल की समीक्षा करें तो स्पष्ट हो जाता है कि उनकी सरकार द्वारा उठाये गये हर कदम एवं उनकी हर बात राष्ट्र निर्माण की दिशा में बढ़ाये गये अनूठे, परिवर्तनकारी एवं सकारात्मक कदम रहे हैं। 2014 से पहले के भारत में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की ही बात सामने आती थी लेकिन अब विकास, अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं, जिनमें नये भारत, सशक्त भारत की जड़े गहरी हुई है। मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष भारतीय इतिहास में सबसे सुदृढ़ एवं युगांतरकारी रहे हैं। हम सब इतिहास के उस स्वर्णिम काल के गवाह बनने के साक्षी बने हैं। यह सब मोदी के करिश्माई एवं चमत्कारी व्यक्तित्व से ही संभव हो पाया है। करिश्मा किसी व्यक्ति विशेष का एक निश्चित गुण होता है जो अपवाद होता है और जिसके आधार पर वह स्वीकार्यता हासिल कर शासन करता है। लिंकन, चर्चिल, रूसवेल्ट और जॉन एफ केनेडी महान राजनेता थे, जो अपने करिश्माई व्यक्तित्व और प्रभामंडल के लिए जाने जाते थे और इसका उपयोग उन्होंने अपने देश को मजबूत करने के लिए किया। मोदी इसी श्रेणी के इन सबसे आगे निकलते हुए विलक्षण क्षमताओं एवं मौलिक विशेषताओं वाले विरल नेता है।

2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा एवं सभी विपक्षी दल अपनी-अपनी चालें चल रहे है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर नये गठबंधन हो रहे हैं तो बने हुए गठबंधन टूट रहे हैं, अनेक नेता दलों के पाले बदल रहे हैं, एक दूसरे को मात देने का दौर चल रहा है, सब अपनी-अपनी व्यूह रचना बना रहे हैं। भाजपा ने स्वयं की 370 एवं उसके गठबंधन की 400 सीटों का लक्ष्य बनाया है। इंडिया गठबंधन एवं विभिन्न राजनीतिक दल भी जीत की संभावनाओं को लेकर जुटें हैं। राजनीति पल-पल नया आकार लेती है, इसलिये राजनीति में सही वक्त पर सही ढंग से इस्तेमाल करने का हुनर होना अपेक्षित होता है, जो अच्छा चल रहा है उसे बिगाड़ना आना चाहिए और जो बिगड़ रहा है उसे सुधारना आना चाहिए। इसी को कहते है राजनीति। इसी राजनीति के महारथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा की रणनीति तीक्ष्ण एवं प्रभावी बनकर सामने आ रही है ताकि धमाकेदार चुनाव परिणाम तक पहुंचा जा सके। मोदी के करिश्माई राजनीति का ही परिणाम है कि नीतीश कुमार और जयंत चौधरी जैसे नेताओं को इंडिया गठबंधन से छीन लिया गया है। कांग्रेस के अशोक चव्हान को भाजपा में शामिल करके राज्यसभा में भेजा दिया है। कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की स्वर सुनाई दे रहे हैं। मायावती और चंद्रबाबू नायडू को विपक्ष में जाने से रोक दिया गया है। शिवसेना और राकांपा की दो फाड



कर दी गयी है। श्रीराम मन्दिर उद्घाटन से हिन्दू वोटों को प्रभावित किया गया है, वही 'भारत रत्न' की घोषणा से आम चुनावों को प्रभावित करने का राजनीतिक कौशल सामने आया है।

मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व का ही परिणाम है कि आगामी चुनावों में भाजपा की शानदार जीत के बनते दृश्यों को देखकर समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ या किंकर्तव्यविमूढ़ दिखाई दे रहा है। यह स्थिति बनने का मूल कारण जहां मोदी का ऐतिहासिक एवं सफल दो कार्यकाल हैं, वही आगामी चुनाव को लेकर उनकी रणनीति एवं राजनीतिक कौशल है। मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व की विशेषताओं में प्रमुख हैं कि वे दूरदृष्टि रखते हैं, लक्ष्य तय करते हैं और उस लक्ष्य को पूरा करने में लगे रहते हैं। वे अपने एजेंडे को लेकर निर्णायक और स्पष्ट हैं। लक्ष्य को हासिल करने के लिए वह अपने भीतर देखते हैं एवं जनता से सीधा संबंध स्थापित करते हैं। उन्होंने सिर्फ भौतिक-आर्थिक विकास के संदर्भ में ही विकास की बात नहीं की बल्कि विकास का लाभ समाज के निचले तबके और अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिये योजनाएं एवं नीतियां बनाई ताकि उनके जीवन में आमूलचूल परिवर्तन आए और अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर बने। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्र के सांस्कृतिक पुनरुद्धार को बल दिया, जो सकारात्मक सभ्यता के साझा मूल्यों और इन मूल्यों में गर्व की भावना पर आधारित हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने राजनीतिक स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में देश के लिए एक उचित स्थान बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास एक सुस्पष्ट दृष्टि है कि आजादी के 75वें या 100वें साल में राष्ट्र किस मुकाम पर होगा। उन्होंने भारत के लिए एक विजन और दीर्घकालिक लक्ष्य तय किया है। इसे हासिल करने के लिए उन्होंने व्यापक लक्ष्य को विभिन्न माध्यमों से दीर्घकालिक और अल्पकालिक लक्ष्यों में विभाजित किया है और इसमें सरकार के हर वर्ग, पहलू और क्षेत्र को समावेश किया है। लक्ष्य चाहे दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का हो या फिर व्यवसाय की सुगमता का या फिर वैश्विक निर्यात का प्रतिशत या वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हिस्सा बढ़ाने का हो, इनके बारे में एक स्पष्ट रुख अख्तियार किया गया है और इन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में प्रयास भी चल रहे हैं। आर्थिक और वित्तीय मानदंडों पर भारतीय अर्थव्यवस्था आज सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। इसकी विकास की दर आठ प्रतिशत के इर्दगिर्द घूम रही है। प्रधानमंत्री अपने प्रत्येक संबोधन में देश की हर छोटी बड़ी सफलता का श्रेय 140 करोड़ भारतीयों को देते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश और समाज के जीवन का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां विकास की गति को बल न मिल रहा हो। कोरोना काल खंड हो या कश्मीर में 370 को हटाना या फिर यूक्रेन संकट या फिर अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी पर हर जगह भारत की विदेश नीति की कुशल छाप दुनिया में देखी जा रही है।

प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी की तीन विशेषताएं है। एक, ये ईमानदार हैं। दूसरे, योग्य है, और तीसरे, मेहनती है। निश्चित रूप से उनकी वित्तीय ईमानदारी में आज तक किसी को शक नहीं रहा। उनके कट्टर से कट्टर विरोधी भी उनके व्यक्तिगत रूप से बेईमान होने का संदेह व्यक्त नहीं करते। जहां तक उनकी योग्यता एवं दूरदर्शिता का सवाल है, शायद वे अब तक जितने भी प्रधानमंत्री भारत में हुए हैं उनमें इस दृष्टि से सबसे ज्यादा दूरदर्शी हैं। उनके मेहनती होने के बारे में बताया जाता है कि वे 73 साल की उम्र होने के बावजूद, सोलह सोलह घंटे काम करते हैं। कह सकते हैं कि किसी देश को इससे बेहतर प्रधानमंत्री और क्या मिल सकता है, जिसमें ये तीन-तीन दुर्लभ गुण हो? कह सकते हैं कि मुश्किल से ही किसी मुल्क को मिलता है ऐसा प्रधानमंत्री। लेकिन ऐसे योग्य, कर्मठ, विजनरी, ईमानदार प्रधानमंत्री ने आज देश की दशा और दिशा बदल कर रख दी है।

आर्थिक उदारीकरण से पहले श्रमिकों कामगारों को जो अधिकार और सुविधाएं प्राप्त थीं, उसमें काफी सुधार आया है। खेती-किसानी के लिए कमजोर रूप से किसान को 6000 रुपये की वित्तीय सब्सिडी मोदी सराकार द्वारा दी जा रही है। विदेशी पूंजी का निवेश हो रहा है। सेंसेक्स अभी तक का सबसे उच्चतम स्तर पर जा चुका है। रक्षा से लेकर अंतरिक्ष तक व खेलों की दुनिया में भी भारत का अद्भुत विकास हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज योग पूरी दुनिया में छा गया है और यह उन्हीं के प्रयासों का परिणाम रहा कि आज पूरा विश्व हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। योग दिवस की ही तरह विश्व अहिंसा दिवस को भी दुनिया ने स्वीकार कर शांतिपूर्ण एवं अहिंसक जीवनशैली को बल दिया है। आयात से अधिक निर्यात हो रहा है। कुल मिलाकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रधानमंत्री मोदी अच्छे से संचालन कर पा रहे हैं। उसकी विशेषता रही है कि वैश्विक आर्थिक मंदी का उस तरह इस देश को सामना नहीं करना पड़ा जिस तरह से आज पश्चिमी देश मंदी का सामना कर रहे हैं। एक बड़ा गुण निश्चित रूप से प्रधानमंत्री में होना चाहिए, वह है जनता से जुड़ाव। मौजूदा प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल में सर्वाधिक जनता से संवाद कायम किया है और अब तक के सारे मिथ तोड़ दिये हैं।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# भगवान राम के भक्तों का अपमान करना बंद करें राहुल : रविशंकर प्रसाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तर प्रदेश के युवाओं और अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित लोगों पर की गई टिप्पणी के लिए बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया और कहा कि उन्हें इस तरह की अहंकारी भाषा का इस्तेमाल और भगवान राम एवं उनके भक्तों का अपमान करना बंद करना चाहिए। भाजपा की यह टिप्पणी राहुल गांधी के उस बयान की प्रतिक्रिया में आई है जिसमें कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परोक्ष रूप से तंज कसते हुए कहा था कि उन्होंने वाराणसी में लोगों को सड़क पर शराब के नशे में पड़े देखा। वाराणसी प्रधानमंत्री मोदी का संसदीय क्षेत्र है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, उन्होंने (राहुल ने) कहा कि उत्तर प्रदेश के युवा नशे में हैं। क्या इस भाषा का इस्तेमाल उन्हें उस क्षेत्र के बारे में करना चाहिए जहां से उनके परिवार के सदस्य सत्ता में रहे हैं? और इतने सालों तक वह और उनकी मां सांसद रहे? भाजपा नेता ने कहा कि गांधी ने उस प्रदेश के लोगों के खिलाफ टिप्पणी की है जिसने सबसे अधिक निवेश आकर्षित किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने (उत्तर प्रदेश में) हजारों करोड़ रुपये का निवेश किया है। रोजगार के अवसर आ रहे हैं। प्रसाद ने कहा, राहुल गांधी, आपको शर्म आनी चाहिए। आपने देश को शर्मिंदा किया है। कृपया अपनी भाषा में सुधार करें। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान अपने पूर्व निर्वाचन क्षेत्र अमेठी में एक रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने दावा किया कि रात में नशे में धुत होकर 'उत्तर प्रदेश का भविष्य नाच' रहा था। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि ओबीसी या आदिवासी श्रेणी का एक भी व्यक्ति 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नहीं था। उन्होंने कहा था कि यहां तक कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भी समारोह में नहीं बुलाया गया था जबकि कार्यक्रम में अमीर लोग जरूर नजर आए। प्रसाद ने राम मंदिर कार्यक्रम पर गांधी के बयान की निंदा की और उनसे भगवान राम और उनके भक्तों का 'अपमान' करना बंद करने को कहा।

प्रसाद ने कहा, उन्होंने कहा कि केवल अडानी और अंबानी वहां बैठे थे... राहुल गांधी, प्रभु राम और राम भक्तों का अपमान करना बंद करें। राहुल गांधी, बहुसंख्यक भारतीय लोगों के विश्वास पर हमला करना और अहंकारी भाषा का इस्तेमाल करना बंद करें।

### ब्रिटेन में भारतीय रेस्तरां प्रबंधक की मौत

लंदन। ब्रिटेन में भारतीय रेस्तरां के 36 वर्षीय एक प्रबंधक की साइकिल से घर जाते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। ब्रिटेन की पुलिस इस मामले की जांच हत्या के दृष्टिकोण से कर रही है। पुलिस इस सिलसिले में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। विग्नेश पट्टाभिरमण 14 फरवरी को दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के रीडिंग इलाके में भारतीय रेस्तरां में अपने कार्यस्थल से साइकिल से घर वापस आ रहे थे कि तभी रास्ते में कैडुगन प्लेस जंक्शन पर एक वाहन से उनकी टक्कर हो गई। टेम्स वैली पुलिस ने कहा कि विग्नेश को रॉयल बर्कशायर अस्पताल ले जाया गया वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। टेम्स वैली पुलिस की प्रमुख अपराध इकाई के वरिष्ठ जांच अधिकारी स्टुअर्ट ब्रैंगविन ने कहा, हमारी संवेदनाएं श्री रमण के परिवार के साथ हैं।

## उद्घाटन



हैदराबाद में बुधवार को बी भारती लकपति नाइक, विशेष सचिव, सरकारी सार्वजनिक उद्यम विभाग, तेलंगाना डॉ. कविता नागपाल, वीपी अकादमिक-ऑर्किड और प्रिंसिपल तबस्सुम जैदी, ऑर्किड, बाचुपल्ली, हैदराबाद में 'इमेजिन हब' का उद्घाटन किया।

# डोनाल्ड ट्रंप की संभावित उपराष्ट्रपति की सूची में रामास्वामी का नाम भी शामिल

वाशिंगटन। जैव प्रौद्योगिकी उद्यमी से राजनीतिक नेता बने भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी उन नामों में शामिल हैं जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति चुनावों के लिए अपने संभावित साथी यानी उपराष्ट्रपित के रूप में विचार कर रहे हैं। पोलिटिको डाट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, फॉक्स न्यूज 'टाउन हॉल' कार्यक्रम के दौरान मेजबान ने मंगलवार को ट्रंप से उपराष्ट्रपति पद लिए उनकी पसंद के छह संभावित विकल्पों के बारे में पूछा। इस पर ट्रंप ने दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस, हवाई की पूर्व सांसद तुलसी गेबार्ड, विवेक रामास्वामी, फ्लोरिडा के प्रतिनिधि बायरन डोनाल्ड्स और साउथ डकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम नाम लिया। ट्रंप(77) ने एक अन्य भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली का नाम नहीं लिया जो अभी भी दौड़ में हैं। रामास्वामी (38) जनवरी के बीच में आयोवा कॉकस में अपने खराब प्रदर्शन के बाद न केवल रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में पीछे हट गए थे बल्कि इसके विजेता ट्रंप का समर्थन भी उन्होंने किया था। फॉक्स न्यूज टाउन हॉल इवेंट की मेजबान लौरा इंग्राहम ने जब उनसे पूछा, क्या वे सभी आपकी सूची में हैं? ट्रंप ने कहा, वे सब सूची में हैं।



# नाइंसाफी का बदला लेने वापस आई रानी भारती, 'महारानी-3' का ट्रेलर जारी

मुंबई/एजेन्सी

एक्ट्रेस हुमा कुरैशी 'महारानी 3' वेब सीरीज के साथ एक बार फिर 'रानी भारती' बनकर लौट रही हैं। यह इस साल के मोस्ट अवेटेड सीरीज के सीक्वल्स में से एक है जिसका दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया। हुमा जनता और अपने साथ हुई नाइंसाफी का बदला लेने वापस आई हैं। 'महारानी 3' के पहले दो सीजन को दर्शकों ने खूब सराहा था। हुमा सत्ता की आड़ में हो रहे घोटालों से पर्दा उठाने, भ्रष्टाचारियों को साइडलाइन करने और फिर जेल जाने के बाद अब 12वीं पास हो गई हैं।

वह हक लेने के लिए लड़ाई करती दिखेंगी। ट्रेलर में दिखाया गया है कि हुमा के बच्चों पर अटैक किया जाता है और जहरीली शराब से लोगों की मौत हो जाती है। इन सबके बीच सत्ता पर कब्जा किए हुए भ्रष्टाचारी अपनी रोटियां सेंकने में जुटे हैं। हुमा ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, बंदूक कमजोर लोग चलाते हैं, समझदार लोग दिमाग चलाते हैं। 'महारानी 3' में रानी का बदला देखें। 'महारानी 3' नरेन कुमार और डिंपल खरबंदा द्वारा निर्मित है, सुभाष कपूर द्वारा क्रिएटेड और सौरभ भावे द्वारा निर्देशित है। इस एंटरटेनर स्टोरी में हुमा सहित अमित सियाल, विनीत कुमार, प्रमोद पाठक, कानी कुसरुति, अनुजा साठे, सुशील पांडे, दिब्येंदु भट्टाचार्य और सोहम शाह ने खास रोल प्ले कर रहे हैं। यह 7 मार्च से सोनी पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है।

# ब्रिटेन, कनाडा के सीए को मिल सकती है भारत में 'प्रैक्टिस' की अनुमति : आईसीएआई अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। ब्रिटेन और कनाडा के चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) को पारस्परिक आधार पर भारत में काम करने (प्रैक्टिस करने) की अनुमति दी जा सकती है। चार्टर्ड अकाउंटेंट के शीर्ष निकाय भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) सरकार को यह प्रस्ताव दे रहा है। आईसीएआई के अध्यक्ष रंजीत कुमार अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि प्रस्ताव को पारस्परिक आधार पर सख्ती से लागू किया जाएगा ताकि भारत के चार्टर्ड अकाउंटेंट को भी ब्रिटेन और कनाडा में प्रैक्टिस करने की अनुमति मिल सके। यह पहली बार होगा जब किसी देश के चार्टर्ड अकाउंटेंट को भारत में प्रैक्टिस करने की अनुमति दी जाएगी। प्रस्ताव ब्रिटेन और कनाडा के साथ भारत की मुक्त व्यापार समझौते के लिए जारी बातचीत का हिस्सा है। अग्रवाल ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के साथ भी ऐसी ही व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है। पारस्परिक प्रणाली लागू होने के बाद इन देशों के चार्टर्ड अकाउंटेंट को आईसीएआई के साथ पंजीकृत होना होगा, जो उन्हें विनियमित करेगा। अग्रवाल ने कहा, यह पारस्परिक आधार पर होगा न कि एकल आधार पर। यदि वे सहमत होते हैं, तो यह दोनों देशों के लिए फायदे का सौदा होगा... दूसरे देशों से आए चार्टर्ड अकाउंटेंट के भारत में प्रैक्टिस करने के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया का जिक्र करते हुए कहा कि भारत एक विकासशील देश है और वे विकसित देश हैं। उन्होंने कहा, यह हमारे हित में होगा क्योंकि हमारे सदस्य वहां जा सकते हैं... आईसीएआई के अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट की क्षमताओं और विशेषज्ञता के कारण बाहर उनकी भारी मांग है।

# युवाओं का मानना है कि महिलाओं के लिए नौकरी महत्वपूर्ण है विवाह नहीं

नयी दिल्ली। कार्यबल में युवतियों की भागीदारी को लेकर हाल ही में किये गये एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि युवाओं का मानना है कि पढ़ाई के बाद नौकरी महत्वपूर्ण है, शादी नहीं। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के युवा मंच 'युवाह' और 'यू-रिपोर्ट' ने यह सर्वेक्षण किया,जिसमें देशभर से 18-29 आयु वर्ग के 24,000 से अधिक युवक और युवतियों ने अपनी राय रखी।

सर्वेक्षण के नतीजों के अनुसार लगभग 75 प्रतिशत युवतियां और युवक मानते हैं कि युवतियों के लिए पढ़ाई के बाद नौकरी पाना सबसे महत्वपूर्ण है। इसके विपरीत एक चौथाई से अधिक प्रतिभागियों ने शिक्षा के बाद शादी की वकालत की। इस सर्वेक्षण को लेकर श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव आरती आहूजा ने कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी का समर्थन करने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों पर बल दिया। उन्होंने कहा, अब मेहनती, प्रतिभाशाली और ईमानदार महिला कार्यबल का समर्थन करने का समय आ गया है। महिलाएं हमारी आबादी का 50 प्रतिशत हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, हम 2047 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं ऐसे में हमें सभी स्तरों पर महिला कार्यबल की भागीदारी बढ़ानी होगी।

# फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' का ट्रेलर 25 को होगा रिलीज

मुंबई/एजेन्सी



अभिनेता संग्राम सिंह पटेल और अभिनेत्री प्रतिष्ठा ठाकुर की आने वाली फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' का ट्रेलर 25 फ़रवरी को अवध गंगा म्यूजिक के यूटुब चैनल पर रिलीज़ किया जायेगा। फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' की पूरी शूटिंग उत्तर प्रदेश के सीतापुर शहर में सचिन यादव के निर्देशन में की गई है। इस फिल्म में संग्राम सिंह पटेल ,प्रतिष्ठा ठाकुर के बॉडी गार्ड के किरदार में नज़र आएंगे।अवध गंगा फिल्म के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' संग्राम सिंह पटेल की होम प्रोडक्शन की फिल्म है। संग्राम सिंह पटेल ने बताया कि फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' बेहद खास और अन्य फिल्मों से अलग है। इसकी पटकथा पर हमने बेहद मेहनत की है। हमारी कोशिश है कि हम एक ऐसी फिल्म लेकर दर्शकों के पास जाएं, जो दर्शकों का पैसा वसूल करे और उनका भरपूर मनोरंजन हो। इसके बाद वे और लोगों को फिल्म देखने को प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि भोजपुरी सिनेमा के बदलते दौर में हमारी फिल्म भी बेहद खास है। इस फिल्म के गाने एक से बढ़कर एक है जो सभी लोगो को पसंद आएगा जिस का संगीत साजन मिश्रा ने तैयार किया है । यह फिल्म बनकर पूरी तरह तैयार है जो मार्च 2024 में एक साथ बिहार ,मुंबई और उत्तर प्रदेश में एक साथ 200 सिनेमाघरों में रिलीज़ की जाएगी।

फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' में संग्राम सिंह पटेल के साथ प्रतिष्ठा ठाकुर,अयाज खान,अनूप अरोड़ा,संतोष पहलवान ,विनीत विशाल, बबलू यादव,सत्य प्रकाश सिंह,मदन चंद,अभिषेक मिश्रा,रंजीत राज,सतवीर राणा, रुचि सिंह, प्रिया वर्मा ,रितिक वर्मा चौधरी राम सिंह और स्वर्गीय बृजेश त्रिपाठी हैं। फिल्म के निर्माता संग्राम सिंह पटेल ,फिल्म के लेखक मनोज पांडेय हैं। फिल्म का संगीत साजन मिश्रा,गीत आज़ाद सिंह और प्यारे लाल यादव ने लिखा है।

# विक्की कौशल ने दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड भारतीय सेना को किया समर्पित

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल ने दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड भारतीय सेना को समर्पित किया है। विक्की कौशल ने 'दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड्स 2024' में फिल्म 'सैम बहादुर' में अपने किरदार के लिए बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) का पुरस्कार हासिल किया है। विक्की कौशल इस अवॉर्ड को लेने के लिए खुद नहीं जा सके. ऐसे में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है।विक्की कौशल ने इस वीडियो को अपनी इंस्टा स्टोरी में शेयर किया। वीडियो में विक्की कौशल ने कहा,सैम बहादुर में मेरे काम के लिए मुझे बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) के अवार्ड से सम्मानित करने के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार की जूरी को बहुत-बहुत धन्यवाद। क्षमा करें, कुछ कारणों से मुझे मुंबई से बाहर यात्रा करनी पड़ी, मैं आज कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पा रहा हूं, लेकिन धन्यवाद; यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यह एक बहुत बड़ा सम्मान है, और मैं अपनी निर्देशक मेघना गुलजार, अपने निर्माता रोनी स्क्रूवाला और 'सैम बहादुर' की पूरी टीम (जिसमें सभी तकनीशियन, लेखक और मेरे सह-अभिनेता शामिल हैं) के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनके समर्थन ने मुझे सक्षम बनाया. जिनकी वजह से मैं अपना बेस्ट दे पाया।मैं फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के परिवार को उनकी सहायता, प्यार और समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूं। यह मेरे प्यारे दर्शकों के लिए है, जिन्होंने इस फिल्म को सिनेमाघरों में देखा, इसे भरपूर प्यार दिया और हमारा भरपूर समर्थन किया। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और अंतिम लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि यह भारतीय सेना को समर्पित है।

# वेबसीरीज 'शो टाइम' में अभिनेत्री के किरदार में नजर आएंगी श्रिया सरन

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री श्रिया सरन वेबसीरीज शो टाइम में अभिनेत्री के किरदार में नजर आयेंगी। श्रिया सरन इन दिनों अपनी आने वाली वेबसीरीज शो टाइम को लेकर चर्चा में है।करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनायी गयी है। श्रिया सरन ने इस शो अभिनेत्री का किरदार निभाया है। श्रिया सरन ने बताया,'मैं एक ऐसा किरदार निभाना चाहती थी जो मेरे बेहद करीब हो। शो में मैं एक अभिनेत्री हूं जो एक अभिनेत्री की भूमिका निभाती है। मैं करण से कई बार मिली हूं और वह बहुत प्यारे इंसान हैं।व्यावसायिक रूप से, मेरे लिए, इस प्रोजेक्ट पर धर्मैटिक्स के साथ काम करना एक शानदार अनुभव है। श्रिया सरन ने इमरान हाशमी के साथ वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म आवारापन में काम किया है। श्रिया सरन लंबे अरसे के बाद इमरान हाशमी के साथ शो टाइम में नजर आयेगी। श्रिया सरन ने कहा,मैं बहुत खुश हूं कि हमें एक साथ शोटाइम करने का मौका मिला। मैं उनके साथ दोबारा काम करने को लेकर भाग्यशाली हूं। वह एक अद्भुत अभिनेता हैं और कैमरे पर अविश्वसनीय दिखते हैं।मैं शो देखने के लिए उत्सुक हूं। यह एक बहुत ही दिलचस्प किरदार है, इसमें बहुत सारे आर्क हैं, मैं दर्शकों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती। शो टाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह ,श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना,की अहम भूमिका है।धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। वेबसीरीज शोटाइम 8 मार्च 2024 को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

# रेडियो की दुनिया के 'सरताज' थे अमीन सयानी



मुंबई/एजेन्सी

अपनी जादुई आवाज और मस्त अंदाज से श्रोताओं के दिलों पर राज करने वाले रेडियो की दुनिया के सरतात अमीन सयानी का निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे। नमस्कार भाईयों और बहनो मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं। इस आवाज के साथ अपने प्रोग्राम की शुरुआत करने वाले अमीन सयानी देश के ऐसे पहले रेडियो स्टार रहे हैं, जिनका बड़े-बड़े फिल्म स्टार भी सम्मान करते थे। एक जमाना था जब अपने 'बिनाका गीत माला' कार्यक्रम के माध्यम से अमीन सयानी ने अपने नाम और काम की धूम मचा दी थी। अमीन सयानी का जन्म 21 दिसंबर 1932 में मुंबई में हुआ था। अमीन सयानी ने रेडियो की दुनिया में बड़ा नाम कमाया। उनकी आवाज का जादू लोगों के दिल में घर कर लेता था। अमीन सयानी की मां 'रहबर' नामक समाचार पत्र निकालती थीं। भाई हामिद सयानी भी रेडियो अनाउंसर थे। भाई ने ही अमीन का ऑल इंडिया रेडियो, बॉम्बे से परिचय कराया था। यहां उन्होंने करीब 10 वर्षों तक काम किया। वर्ष 1952 में अमीन सयानी रेडियो सीलोन से जुड़े। 'बिनाका गीतमाला' का पहला शो 1952 में शुरू हुआ था। मधुर गीतों और अमीन सयानी के मनमोहक अंदाज ने लोगों का दिल जीत लिया। शो की सक्सेस ने एक रेडियो वादक के रूप में अमीन को घर-घर में पहचान दिलाई थी। अमीन सयानी ने रेडियो सिलोन और फिर विविध भारती में 42 वर्षों तक काम किया। उनके कार्यक्रम 'बिनाका गीतमाला' ने सफलता के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। यह भारतीय फिल्म संगीत का सबसे पहला संगीत काउंट डाउन शो था। लोकप्रिय फिल्मी गीतों पर आधारित यह शो जब शुरू हुआ, तब लोगों में कम समय में इसकी पॉपुलैरिटी बन गई। अमीन सयानी के नाम पर 54,000 से ज्यादा रेडियो कार्यक्रम प्रोड्यूस/ कम्पोज/ वॉयसओवर करने का रिकॉर्ड दर्ज है। लगभग 19,000 जिंगल्स के लिए आवाज देने के लिए भी अमीन का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज है। उन्होंने 'भूत बंगला', 'तीन देवियां', 'कत्ल' जैसी फिल्मों में अनाउंसर के तौर पर काम किया है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जिस प्रकार फूलों में सर्वश्रेष्ठ गुलाब होता है वैसे ही गुरुओं में भी सर्वश्रेष्ठ है गुरु राजेन्द्रसूरीश्वरजी। गुरु का उपकार जिस पर हो जाता है उसका कल्याण हो जाता है। गुरु हमेशा पुण्य से व पुण्यशाली को मिलते हैं और जिसको भी मिलते है उसका जीवन सफल हो जाता है। राजेन्द्र सूरी ने जिनशान के लिए अनेक कार्य किए तथा उन्हें अनेक पदवियों से नवाजा गया परन्तु उन्होंने कभी की पद व पदवी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राजेन्द्र सूरी एवं सरल व तपस्वी संत थे।



# आदिनाथ जैन ट्रस्ट ने पालीताणा में दिव्यांगों को बांटी सहयोग सामग्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के आदिनाथ जैन ट्रस्ट द्वारा पालीताणा में साध्वीश्री शशिप्रभाजी की प्रेरणा से आदिनाथ केयर सेंटर में सैंकड़ों दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर, कैलिपर, कृत्रिम अंग, बैशाखी, श्रवण यंत्र, चश्मे आदि अन्य सहयोग सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर ट्रस्ट के महामंत्री मोहन जैन ने कहा कि हमें जीवन में व्यसन से नूर रहना चाहिए। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन स्थानीय कार्यकर्ताओं के सहयोग से मोहन जैन द्वारा किया गया। ज्ञातव्य है कि इस केयर सेन्टर में फिजियोथेरेपी, नाड़ी वैद्य, पंचकर्म, आयुर्वेदिक, कांसीथेरेपी आदि का इलाज परामर्श दिया जाता है।



# पगारिया जैन किंडर गार्डन का दीक्षांत समारोह सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के चंदाबाई पगारिया जैन किंडर गार्डन का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर चंदाबाई पगारिया जैन मैट्रीक्युलेशन एचआर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य टी. विजयालक्ष्मी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थीं। उन्होंने विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की। वरिष्ठ प्राचार्य विजयकुमार ने सभी का स्वागत किया तथा मुख्य अतिथि का परिचय दिया।

प्राचार्या एम. उमा ने गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस समारोह में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक घंटे का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



# राजपुरोहित ट्रस्ट खेतेश्वर भवन की रजत जयंती 24 को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के राजपुरोहित ट्रस्ट खेतेश्वर भवन का 25वां वार्षिक उत्सव 24 फरवरी को मनाया जाएगा। रविवार को रथयात्रा व आगामी वर्षगांठ के चढ़ावे बोले गए, जिसमें समाज के समस्त बंधुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। आगामी 26वीं वर्षगांठ के महाप्रसाद के लाभार्थी मीठालाल खीम जागरवाल व अखंड ज्योत के लाभार्थी लसा रावत रायगुर नून ने लाभ लिया। चढ़ावों का संचालन ट्रस्ट के उपचेयरमैन हंसराज कैलाशनगर ने किया। चेयरमैन शांतिलाल मनादर ने बताया कि रजत जयंती महोत्सव के लाभार्थी प्रबंध न्यासी हरिशंकर सेवड़ रेवताड़ा हैं। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष भवरसिंह बासड़ाधनजी, उपप्रबंध न्यासी करनराज सियाणा, सहकोषाध्यक्ष दशरथसिंह साकरणा, ट्रस्टी हरिसिंह नून, शंकरलाल वेरट, पदमाराम मवड़ी, गिरधारीलाल कालन्द्री, कालूराम मुदतरासिली व समाज के अन्य बंधुगण उपस्थित थे।

# आरएमडी केयर ट्रस्ट के सहयोगार्थ पुराने गानों की 'एक शाम मस्तानी' कार्यक्रम 24 को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




चेन्नई। आरएमडी पैन एंड पाल्लिएटिव केयर ट्रस्ट गत 30 वर्षों से असाध्य रोगों से मरणासन्न पड़े रोगियों की सेवा में कार्यरत है जिसके आर्थिक मदद के लिए एक फण्ड राइजिंग संगीतमय कार्यक्रम 'ये शाम मस्तानी' 24 फ़रवरी की शाम चिन्मया हेरिटेज सेंटर में किया गया है। इस कार्यक्रम में एसपी बालसुब्रमण्यम की आवाज़ लिए शिवांग दवे और किशोर कुमार की आवाज़ वाले स्थानीय गायक कलाकार प्रमोद नायर व अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम की तैयारी में पुष्पांजलि के संपादक गोविंद मूँदडा व कोला सरस्वती विद्यालय की पूर्व प्राचार्य नीला देसाई कई दिनों से जुटी हुई हैं। यह कार्यक्रम में प्रवेश नि:शुल्क है।




**डॉक्टरेट की मानद उपाधि**

बेंगलूरु में बुधवार को राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में बेंगलूरु विश्वविद्यालय की ओर से इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ को मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री एम सी सुधाकर, उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव श्रीकर एम.एस. बेंगलूरु यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. एस.एम. जयकारा आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।



**निरीक्षण**

बेंगलूरु के यलहंका क्षेत्र में स्थित संयुक्त गैस चक्र विद्युत संयंत्र का निरीक्षण ऊर्जा मंत्री केजे जॉर्ज ने किया। उन्होंने बिजली संयत्र का निरीक्षण कर अधिकारियों और तकनीकी कर्मचारियों के साथ आने वाले दिनों में संगठन के कामकाज को और अधिक कुशल बनाने के लिए अपनाए जाने वाले उपायों पर चर्चा की। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री गौरव गुप्ता एवं ऊर्जा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मानव-पशु संघर्ष : वायनाड का दौरा करेंगे केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने केरल के वायनाड में मानव-पशु संघर्ष की बढ़ती हुई घटनाओं को लेकर बुधवार को कहा कि वहां स्थिति बेहद गंभीर है इसलिए वह भारतीय वन्यजीव संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ क्षेत्र का दौरा करेंगे और मृतकों के परिजनों से मुलाकात भी मिलेंगे।

वायनाड में जंगली जानवरों के बढ़ते हुए हमलों के विरोध में क्षेत्र के सभी तीन प्रमुख राजनीतिक दल सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा(एलडीएफ), विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक जिलाव्यापी हड़ताल का आह्वान किया था।

कुरुवा द्वीप के निकट एक हाथी ने बीते शुक्रवार को वन विभाग के एक गाइड वेल्लाचालिल पॉल पर हमला कर दिया था, जिससे उसकी मौत हो गयी थी। जिले में जंगली जानवरों के हमले में तीन लोगों की मौत को लेकर कई दिनों तक हिंसक विरोध प्रदर्शन हुआ था।

भूपेन्द्र यादव ने यहां केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, ''वहां संघर्ष की स्थिति बनी हुई है और मैं वायनाड जा रहा हूं। हमें लगता है कि स्थिति बेहद गंभीर है। इसलिए, मैंने डब्ल्यूआईआई (भारतीय वन्यजीव संस्थान) के वरिष्ठ वैज्ञानिकों, राज्य और केंद्रीय अधिकारियों को बुलाया। मेरे अधिकारियों ने मुझे स्थिति से अवगत कराया है।

मैं वहां जाकर पीड़ितों से भी मिलूंगा और इस समस्या से निपटने को लेकर उचित फैसला करूंगा।''

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसी विरोधाभासी स्थितियों में इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक के लिए सतर्कता की आवश्यकता होती है और वह व्यक्तिगत रूप से देखेंगे कि क्या सतर्कता में अथवा प्रशासन की ओर से कोई चूक हुई है।





# विश्वकर्मा जयंती समारोह में हुआ समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय जांगिड़ समाज ट्रस्ट कर्नाटक के तत्वावधान में टेंक बंड रोड पर निर्मित विश्वकर्मा मंदिर में भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती समारोह के मौके पर दो दिवसीय आयोजन किया गया जिसमें बुधवार को सुबह 11.15 बजे दीप प्रज्वलन, दोपहर 2 बजे से समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान, शाम को अध्यक्षीय भाषण, शाम 5 बजे से भजन संध्या तथा रात्रि में चढ़ावें बोले गए जिसमें बड़ी संख्या में समाज के सदस्यों ने भाग लिया। शाम को स्थानीय भजन गायकों ने भजन संध्या में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी तथा श्रद्धालुओं ने झूमते हुए भगवान विश्वकर्मा के दरबार में हाजरी लगाई।




# खेल चोटों के इलाज के लिए अत्याधुनिक 'कावेरी केंद्र' लॉन्च हुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। देश की अग्रणी हेल्थकेयर श्रृंखलाओं में से एक कावेरी हॉस्पिटल्स ने कावेरी इंस्टीट्यूट ऑफ बोन एंड जॉइंट्स के सहयोग से खेल चोट अर्थात स्पोर्ट्स इंजरी के लिए कावेरी सेंटर लॉन्च किया है। शहर के इलेक्ट्रॉनिक सिटी अस्पताल में शुरु हुए इस केन्द्र में बहुविषयक खेल चिकित्सकों, आर्थोपेडिक सर्जनों, खेल रेडियोलॉजिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट और सहायक कर्मचारियों की एक टीम का लाभ उठाकर खेल से संबंधित चोटों के निदान, उपचार और पुनर्वास के लिए व्यापक सेवाएं प्रदान करने की सुविधा है।

इस केंद्र का लक्ष्य डॉक्टरों की विशेष टीम के माध्यम से खेल की चोटों से पीड़ित सभी पेशेवर एथलीटों और शौकीनों के लिए विशेष सुविधा केंद्र बनना है। इस केंद्र का उद्घाटन प्रसिद्ध स्क्वैश खिलाड़ी और पद्मश्री पुरस्कार विजेता जोशना चिनप्पा ने किया। उनके साथ प्रसिद्ध अभिनेत्री, डांसर और स्कूबा डाइवर संयुक्ता हेगड़े भी उपस्थित थीं। ऑर्थोपेडिक ट्रॉमा और रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन व अस्पताल के प्रमुख सलाहकार डॉ. पीसी जगदीश, कावेरी हॉस्पिटल के कार्यकारी निदेशक डॉ. एस विजयभास्करन ने कावेरी केन्द्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



# भारतीय कीट विज्ञान सोसाइटी ने धानुका समूह के चेयरमैन को प्रदान किया लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय कृषक समुदाय के लिए उनके अद्वितीय योगदान के लिए भारतीय कीटविज्ञान सोसाइटी या एटोमोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (ईएसआई) ने शहर मे आयोजित एक कार्यक्रम में धानुका समूह के चेयरमैन डॉ रामगोपाल अग्रवाल को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरुस्कार से सम्मानित किया। यह सम्मान भारतीय कृषि के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में डॉ अग्रवाल के भागीरथ प्रयासों के लिए दिया गया, जिनका उद्देश्य कृषि उत्पादकता, लाभ और किसानों के सामाजिक सम्मान में वृद्धि रहा है।

शहर के गाँधी कृषि विज्ञान केंद्र (जीकेवीके) में आयोजित एक समारोह में कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (यूएएस), बेंगलूरु के कुलपति डॉ एसवी सुरेश, आईसीएआर-राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो (एनबीएआईआर) के निदेशक डॉ एस एन सुशील, ईएसआई के मुख्य पैट्रन डॉ एसएन पुरी और अध्यक्ष डॉ वीवी राममूर्ति के साथ विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों के कीटविज्ञान के कई सम्मानित वैज्ञानिक और विद्यार्थियों की उपस्थिति में डॉ अग्रवाल को यह पुरस्कार दिया गया। इस सम्मान को स्वीकार करते हुए डॉ आरजी अग्रवाल ने ईएसआई का धन्यवाद करते हुए उसके कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। डॉ अग्रवाल ने बेहतर फसल उत्पादन हेतु किसानों के लिए नये-नये समाधानों की खोज पर जोर दिया, जिससे किसानों की आय में वृद्धि की मुहिम और बल मिले। इस अवसर पर डॉ अग्रवाल ने शोध एवं विकास के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए कीटविज्ञान वैज्ञानिकों के लिए एक लाख रुपये के पुरुस्कार की भी घोषणा की, जो कि अगले वर्ष से प्रारंभ होगा। विजेता वैज्ञानिक का चयन ईएसआई द्वारा गठित समिति करेगी।

# विश्व मातृभाषा दिवस पर हिंदी विभाग द्वारा तमिल प्रश्नोत्तरी आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे मुख्यालय के राजभाषा विभाग द्वारा बुधवार को विश्व मातृभाषा दिवस के अवसर पर मुख्यालय के कर्मचारियों के लिए तमिल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 100 से अधिक कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

तमिल साहित्य की विकास यात्रा तथा समकालीन तमिल साहित्य के विभिन्न पहलुओं पर रोचक सवाल पावर प्वाइंट शो के माध्यम से पूछे गए। उप महाप्रबंधक (राजभाषा)सहदेव सिंह पुरती ने प्रारंभ में तमिल भाषा के समृद्ध इतिहास पर गर्व व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

मुख्यालय के यांत्रिक विभाग के अधिकारी उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/ योजना रविचंद्रन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस प्रतियोगिता में तीन दृष्टिबाधित कर्मियों ने टीम बनाकर भाग लिया और विजेता भी घोषित हुए। राजभाषा अधिकारी श्रीनिवासन ने प्रतियोगिता का संचालन किया।



Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.